भारत के राजपत्र, असाधारण के भाग I खंड I में प्रकाशनार्थ

फा. सं. 6/19/2024- डीजीटीआर

भारत सरकार

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय

वाणिज्य विभाग

व्यापार उपचार महानिदेशालय

चौथा तल, जीवन तारा बिल्डिंग,

5, संसद मार्ग, नई दिल्ली - 110001

दिनांक : 10 फरवरी 2025

अंतिम जांच परिणाम

मामला सं. एडीडी (ओआई) - 17/2024)

विषय: चीन जन. गण. के मूल के अथवा वहां से निर्यातित 'ग्लूफ़ोसिनेट और इसके साल्ट' के आयातों से संबंधित पाटनरोधी जांच

क. मामले की पृष्ठभूमि

1. समय-समय पर यथासंशोधित सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 (जिसे इसके बाद 'अधिनियम' के रुप में कहा गया है) और समय-समय पर यथासंशोधित तत्संबंधी सीमा शुल्क टैरिफ (पाटित वस्तुओं पर पाटनरोधी शुल्क की पहचान, आकलन और संग्रहण तथा क्षति का निर्धारण) नियमावली, 1995 (जिसे इसके बाद 'पाटनरोधी नियमावली' अथवा 'नियमावली' के रुप में कहा गया है) को ध्यान में रखते हुए एस्टल लाइफ इंडिया लिमिटेड, यूपीएल लिमिटेड, यूनाइटेड फास्फोरस (इंडिया) एलएलपी, यूपीएल सस्टेनेबल एग्री सोल्यूसंस लिमिटेड और स्वाल कारपोरेशन लिमिटेड (जिसे इसके बाद 'घरेलू उद्योग अथवा 'आवेदक' के रुप में कहा गया है) ने चीन जन. गण. (जिसे इसके बाद 'संबद्ध देश' के रुप में कहा गया है) से 'ग्लूफ़ोसिनेट और इसके साल्ट' (जिसे इसके बाद 'विचाराधीन उत्पाद' अथवा 'पीयूसी' अथवा 'संबद्ध वस्तु' के रुप में कहा गया है) के आयातों के संबंध में पाटनरोधी जांच शुरू करने के लिए निर्दिष्ट प्राधिकारी (जिसे इसके बाद 'प्राधिकारी' के रुप में कहा गया है) के समक्ष एक विधिवत प्रमाणित आवेदन दायर किया है।

2. प्राधिकारी ने, आवेदकों द्वारा प्रस्तुत किए गए *प्रथम दृष्टया* साक्ष्य के आधार पर, भारत के राजपत्र - असाधारण में प्रकाशित की गई दिनांक 29 जून 2024 की अधिसूचना सं. 6/19/2024-डीजीटीआर के माध्यम से एक सार्वजनिक सूचना जारी की, जिसमें नियमावली के नियम 5 के साथ पठित अधिनियम की धारा 9क के अनुसार संबद्ध जांच शुरू की गई, ताकि संबद्ध देशों के मूल की अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तुओं के संबंध में कथित कथित पाटन के अस्तित्व, मात्रा और प्रभाव का निर्धारण किया जा सके और पाटनरोधी शुल्क की ऐसी राशि की सिफारिश की जा सके, जिसे यदि लगाया जाता है तो वह घरेलू उद्योग को हुई कथित क्षति को दूर करने के लिए पर्याप्त होगी।

ख. <u>प्रक्रिया</u>

3. जांच के संबंध में नीचे दी गई प्रक्रिया का पालन किया गया है :

क. प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के नियम 5(5) के अनुसार जांच की शुरुआत करने से पूर्व वर्तमान पाटनरोधी आवेदन प्राप्त होने के संबंध में भारत में संबद्ध देश के दूतावास को सूचित किया।

ख. प्राधिकारी ने संबद्ध देश से संबद्ध वस्तुओं के आयातों के संबंध में पाटनरोधी जांच शुरू करते हुए भारत के राजपत्र, असाधारण में प्रकाशित दिनांक 29 जून 2024 की एक सार्वजनिक सूचना जारी की।

ग. प्राधिकारी ने भारत में संबद्ध देश के दूतावास, संबद्ध देश के ज्ञात उत्पादकों और निर्यातकों, भारत में ज्ञात आयातकों/ उपयोगकर्ताओं और अन्य हितबद्ध पक्षकारों को, आवेदकों द्वारा उपलब्ध कराए गए पतों के अनुसार जांच शुरुआत अधिसूचना की एक प्रति भेजी। हितबद्ध पक्षकारों से जांच शुरुआत अधिसूचना में निर्धारित प्रपत्र और तरीके से संगत सूचना प्रदान करने और जांच शुरुआत अधिसूचना में निर्धारित समय सीमा के भीतर लिखित रूप में अपने अनुरोधों से अवगत कराने के लिए कहा गया।

घ. प्राधिकारी ने नियमावली के नियम 6(3) के अनुसार आवेदकों द्वारा दायर आवेदन के अगोपनीय पाठ की एक प्रति ज्ञात उत्पादकों/ निर्यातकों तथा भारत में संबद्ध देश के दूतावासों को उपलब्ध कराई।

ङ. भारत में संबद्ध देश के दूतावास से भी अनुरोध किया गया कि वे निर्यातकों/ उत्पादकों को निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रश्नावली के उत्तर प्रस्तुत करने का परामर्श दें।

ज्ञात उत्पादकों/ निर्यातकों को भेजे गए पत्र और प्रश्नावली की एक प्रति उन्हें भी भेजी गई, जिसमें संबद्ध देश के ज्ञात उत्पादकों/ निर्यातकों के नाम और पते भी शामिल थे।

च. प्राधिकारी ने नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार चीन जन. गण. में निम्नलिखित ज्ञात उत्पादकों/ निर्यातकों को निर्यातक प्रश्नावली भेजी :

क्र. सं.	संबद्ध देश में उत्पादकों/ निर्यातकों के नाम
i.	एग्रोड्रैगन कं. लिमिटेड
ii.	बीएएसएफ
iii.	फ़ुहुआ टोंगडा एग्रो-केमिकल टेक्नोलॉजी कं. लिमिटेड
iv.	जियांग्सू हुईफेंग बायो एग्रीकल्चर कं. लिमिटेड
v.	लियर केमिकल कं. लिमिटेड
vi.	लिमेन केमिकल कंपनी लिमिटेड
vii.	शेडोंग बिन्नोंग टेक्नोलॉजी कं. लिमिटेड
viii.	शंघाई क़िज़ोउ ज़ियुई कं. लिमिटेड
ix.	वेइफियांग शिनलू केमिकल कं. लिमिटेड
x.	योंगनोंग बायोसाइंसेज कं. लिमिटेड

छ. उपरोक्त के उत्तर में, चीन जन. गण. के निम्नलिखित उत्पादकों/ निर्यातकों ने प्रतिक्रिया दी है और निर्यातक प्रश्नावली उत्तर दाखिल किया है :

क्र. सं.	संबद्ध देश में उत्पादकों/ निर्यातकों के नाम
i.	लियर केमिकल कं. लिमिटेड
ii.	शंघाई एग्रोट्री केमिकल कं. लिमिटेड

ज. प्राधिकारी ने भारत में विचाराधीन उत्पाद के निम्नलिखित ज्ञात आयातकों/ उपयोगकर्ताओं को भी प्रश्नावली भेजकर नियम 6(4) के अनुसार आवश्यक सूचना की मांग की : -

क्र. सं.	भारत में विचाराधीन उत्पाद के उपयोगकर्ताओं/ आयातकों के नाम
i.	अमिश क्रॉप साइंस प्राइवेट लिमिटेड
ii.	बीएएसएफ इंडिया
iii.	क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन प्राइवेट लिमिटेड
iv.	कृषि रसायन एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड

झ. जारी की गई प्रश्नावली के उत्तर में, क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन प्राइवेट लिमिटेड ने एक उपयोगकर्ता प्रश्नावली प्रतिक्रिया दायर की है।

ञ. चाइना क्रॉप प्रोटेक्शन इंडस्ट्री एसोसिएशन (सीसीपीआईए) द्वारा अनुरोध किए गए हैं और वर्तमान अंतिम जांच परिणाम में उन पर उचित रूप से विचार किया गया है।

ट. जिन निर्यातकों, विदेशी उत्पादकों और अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने इस जांच पर प्रतिक्रिया नहीं दी है अथवा संगत सूचना प्रदान नहीं की है, अत: उन्हें असहयोगी हितबद्ध पक्षकार माना गया है।

ठ. प्राधिकारी ने सभी ज्ञात उत्पादकों और निर्यातकों, आयातकों और आवेदकों को आर्थिक हित प्रश्नावली जारी की। आर्थिक हित प्रश्नावली को प्रशासनिक लाइन मंत्रालय के साथ भी साझा किया गया। केवल आवेदकों ने ही आर्थिक हित प्रश्नावली दाखिल की है। किसी अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने आर्थिक हित प्रश्नावली दाखिल नहीं की है।

ड. वर्तमान जांच के उद्देश्य के लिए जांच की अवधि (पीओआई) 1 जनवरी 2023 से 31 दिसंबर 2023 (12 माह) है। क्षति विश्लेषण अवधि में 2020-21, 2021-22, 2022-23 और जांच की अवधि शामिल है।

ढ. हितबद्ध पक्षकारों को विचाराधीन अवधि (पीयूसी) के दायरे पर अपनी टिप्पणियां प्रस्तुत करने और यदि आवश्यक हो तो पीसीएन का प्रस्ताव करने का अवसर दिया गया, जो कि अगोपनीय पाठ आवेदन को परिचालित करने की तिथि से 15 दिनों की

अवधि के भीतर दिया गया। कुछ हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के आधार पर, पीसीएन पद्धति की आवश्यकता पर चर्चा करने के लिए दिनांक 22 अगस्त 2024 को एक बैठक आयोजित की गई।

ण. विचाराधीन उत्पाद का दायरा और जांच के लिए पीसीएन पद्धति 5 सितंबर 2024 को अधिसूचित की गई।

त. सभी हितबद्ध पक्षकारों की सूची डीजीटीआर की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई थी, साथ ही उनसे यह अनुरोध किया गया कि वे अपने अनुरोधों का अगोपनीय पाठ अन्य सभी हितबद्ध पक्षकारों को ईमेल करें।

थ. नियमावली के नियम 6(6) के अनुसार, प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों को 18 अक्टूबर 2024 को हाइब्रिड मोड में आयोजित एक सार्वजनिक सुनवाई में मौखिक रूप से अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया। मौखिक सुनवाई में अपने विचार प्रस्तुत करने वाले पक्षकारों से अनुरोध किया गया कि वे मौखिक रूप से व्यक्त किए गए अपने विचारों के लिखित अनुरोध दाखिल करें और उसके बाद यदि कोई प्रत्युत्तर अनुरोध हो तो प्रस्तुत करें।

द. गोपनीय आधार पर हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रदान की गई सूचना की गोपनीयता के दावे की पर्याप्तता के संबंध में जांच की गई। संतुष्ट होने पर, प्राधिकारी ने जहां भी आवश्यक हुआ, गोपनीयता के दावों को स्वीकार कर लिया है और ऐसी सूचना को गोपनीय माना गया है तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों को इसका प्रकटन नहीं किया गया है। जहां भी संभव हो, गोपनीय आधार पर सूचना प्रदान करने वाले पक्षकारों को गोपनीय आधार पर दायर की गई सूचना के पर्याप्त अगोपनीय पाठ प्रदान करने का निर्देश दिया गया।

ध. वाणिज्यिक जानकारी और सांख्यिकी महानिदेशालय (डीजीसीआई एंड एस) से क्षति जांच अवधि और जांच की अवधि के लिए संबद्ध वस्तुओं के आयातों का लेन-देन-वार ब्यौरा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था। यह अनुरोध प्राधिकारी को प्राप्त हो गया है और इस अंतिम जांच परिणाम में इस पर विचार किया गया है।

न. प्राधिकारी ने वर्तमान जांच के प्रयोजनों के लिए आवश्यक समझी गई सीमा तक आवेदकों के परिसरों का भौतिक सत्यापन किया।

ऩ. क्षतिरहित कीमत (जिसे इसके बाद 'एनआईपी' कहा गया है) का निर्धारण संबद्ध वस्तुओं की भारत में उत्पादन लागत और उचित लाभ के आधार पर किया गया है, जो सामान्य रूप से स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों (जीएएपी) और पाटनरोधी नियमावली, 1995 के अनुबंध III के आधार पर आवेदकों द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना पर आधारित है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या पाटन मार्जिन से कम पाटनरोधी शुल्क घरेलू उद्योग को हुई क्षति को दूर करने के लिए पर्याप्त होगा।

प. जांच के आवश्यक तथ्यों से युक्त प्रकटीकरण विवरण, जो अंतिम जांच परिणामों का आधार बना है, दिनांक 21 जनवरी 2025 को हितबद्ध पक्षकारों को जारी किया गया था और हितबद्ध पक्षकारों को इस पर टिप्पणी करने के लिए दिनांक 28 जनवरी 2025 तक का समय दिया गया था। हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए अनुरोध, दिए गए तर्कों और हितबद्ध पक्षकारों से प्राप्त प्रकटीकरण विवरण की टिप्पणियों पर इस अंतिम जांच परिणाम अधिसूचना में संगतता, पुनरावृत्ति न होने और साक्ष्य के साथ समर्थित पाए जाने की सीमा तक विचार किया गया है।

फ. प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दिए गए सभी तर्कों और उपलब्ध कराई गई सूचना पर इस सीमा तक विचार किया है कि वे साक्ष्यों से समर्थित हैं तथा वर्तमान जांच के लिए संगत माने गए हैं।

ब. इस अंतिम जांच परिणाम में "***" एक हितबद्ध पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर दी गई सूचना को दर्शाता है तथा नियमों के अंतर्गत प्राधिकारी द्वारा उस पर विचार किया गया है।

भ. प्राधिकारी द्वारा संबद्ध जांच के लिए अपनाई गई विनिमय दर 1 अमेरिकी डॉलर = 83.52 रुपए है।

ग. <u>विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु</u>

4. जांच शुरुआत के स्तर पर, विचाराधीन उत्पाद को निम्नानुसार परिभाषित किया गया था :

"3. वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद ग्लूफ़ोसिनेट और उसका साल्ट है। विचाराधीन उत्पाद को ग्लूफ़ोसिनेट अमोनियम (डी, एल-फॉस्फ़िनोथ्रिसिन या 2-अमीनो-4-(हाइड्रॉक्सी मिथाइल फ़ॉस्फ़ोनिल) के नाम से भी जाना जाता है।

ग्लूफ़ोसिनेट सफ़ेद से हल्के पीले रंग का क्रिस्टलीय ठोस पदार्थ होता है, जिसमें हल्की तीखी गंध होती है और यह अत्यधिक घुलनशील और वाष्पशील पदार्थ होता है। ग्लूफ़ोसिनेट का व्यापार दो रूपों में किया जाता है, अर्थात तकनीकी और निर्माण। ग्लूफ़ोसिनेट तकनीकी की पूरी खपत ग्लूफ़ोसिनेट निर्माण के उत्पादन में होती है। ग्लूफ़ोसिनेट तकनीकी का कोई स्वतंत्र उपयोग नहीं होता और इसका उपयोग करने के लिए इसे अनिवार्य रूप से निर्माण में संसाधित करना होता है। तकनीकी चरण से निर्माण के चरण तक की प्रक्रिया एकल चरण प्रक्रिया होती है। वाणिज्यिक तौर पर निर्माण के लिए ग्लूफ़ोसिनेट का आयात नहीं किया जाता, क्योंकि इसमें मुख्य सांद्रता (कंसेंट्रेशन) पानी की होती है और खरीदने की लागतें अधिक होती है।

विचाराधीन उत्पाद का सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 के अंतर्गत कोई समर्पित वर्गीकरण नहीं है। तथापि, उत्पाद को 38089190, 38089390 और 38089990 के अंतर्गत आयात किया जाता है। सीमा शुल्क वर्गीकरण कोड केवल सांकेतिक है और वर्तमान जांच के दायरे पर बाध्यकारी नहीं है।

ग.1 <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोध</u>

5. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु के दायरे के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं :

   i. नियमावली के नियम 2(घ) के अनुसार ग्लूफ़ोसिनेट तकनीकी और फॉर्मूलेशन को समान वस्तु के रूप में नहीं माना जा सकता क्योंकि वे प्रतिस्थापन योग्य नहीं हैं।

   ii. उत्पाद के दायरे में फ़ॉर्म्युलेशन को शामिल करके, आवेदकों ने धोखाधड़ी के प्रावधान को लागू करने की कोशिश की है जो केवल तभी लागू होता है जब शुल्क लगाया

जाता है। तथापि, ऐसी वस्तुएं, जो आयातित नहीं हैं, उन्हें दायरे में शामिल नहीं किया जा सकता है।

iii. ग्लूफ़ोसिनेट फ़ॉम्युलेशन को भारत में न तो आयात किया जाता है और न ही आयात किया जा सकता है। फ़ॉम्युलेशन के आयात के लिए एक विशिष्ट लाइसेंस की आवश्यकता होती है। संपूर्ण फ़ॉम्युलेशन श्रेणी के लिए एक भी लाइसेंस नहीं है।

iv. लाइसेंस प्राप्त करना एक महंगी और समय लेने वाली प्रक्रिया है जो 3 से 4 वर्ष तक चलती है। इसमें दो वर्षों में दो मौसमों में परीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करना शामिल है, जिसमें अंतिम उत्पाद अनुमोदन सीआईबीआरसी के कठोर मूल्यांकन और निर्णय पर निर्भर करता है, जो प्राय: इच्छित फसल के लिए विशिष्ट होता है।

v. बाजार में अन्य व्यवहार्य विकल्प उपलब्ध हैं। यदि फ़ॉम्युलेशन की कीमत बढ़ जाती है, तो किसान अन्य विकल्प खरीद लेंगे।

vi. प्राधिकारी को तकनीकी से फ़ॉम्युलेशन में रूपांतरण लागत की जांच करने के लिए फ़ॉम्युलेशन के उत्पादकों का स्थल पर ही सत्यापन करना चाहिए।

vii. आवेदकों ने हॉट एंड कोल्ड रोल्ड उत्पादों की संयुक्त जांच पर भरोसा किया, जिसमें इस तथ्य को नजरअंदाज किया गया कि इन उत्पादों के लिए अलग-अलग जांचें भी की गई थी और यह निष्कर्ष निकाला गया था। अर्ध-न्यायिक निकायों द्वारा लिए गए निर्णय केवल मूल मामले में शामिल विशिष्ट पक्षकारों पर ही बाध्यकारी होते हैं।

viii. आवेदकों के अनुरोधों के विपरीत, तकनीकी को फार्मूलेशन में परिवर्तित करने से आयातकों द्वारा किया गया मूल्य संवर्धन 30% है।

ix. दिनांक 28 अप्रैल 1992 को सब्सिडी और प्रतिसंतुलनकारी उपायों पर समिति द्वारा अपनाई गई पैनल रिपोर्ट में - वाइन और अंगूर उत्पादों के संबंध में - संयुक्त राज्य अमेरिका - उद्योग की परिभाषा में, यह निष्कर्ष निकाला गया कि चूंकि वाइन - अंगूर उत्पादकों और वाइनरी के लिए दो अलग-अलग उद्योग मौजूद थे, इसलिए, दोनों को एक ही उद्योग नहीं कहा जा सकता। यहां भी यही सिद्धांत लागू होना चाहिए।

x. आवेदकों ने विभिन्न चल रही जांचों पर भरोसा किया है। आवेदक उन मामलों पर भरोसा नहीं कर सकते हैं, जहां प्राधिकारी द्वारा अभी तक जांच रिपोर्ट जारी नहीं की गई है।

xi. पैराक्वेट संबद्ध वस्तुओं का संभावित विकल्प है। पैराक्वेट और ग्लूफ़ोसिनेट दोनों के लिए भारत में सख्त उपयोग नीतियाँ हैं ताकि सुरक्षित उपयोग सुनिश्चित किया जा सके और स्वास्थ्य जोखिम को कम किया जा सके।

ग.2 <u>आवेदकों के अनुरोध</u>

6. आवेदकों ने विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु के दायरे के संबंध में निम्नानुसार अनुरोध किया हैं :

i. यूपीएल ग्रुप द्वारा उत्पादन शुरू किए जाने से पहले भारत में कोई उत्पादन नहीं होता था। यूपीएल ने इस उत्पाद को घरेलू बाजार में पेश किया। पहला प्लांट 2016 में स्थापित किया गया था।

ii. ग्लूफ़ोसिनेट टेक्निकल का उत्पादन मुख्य रूप से चीन जन. गण. और भारत में होता है, जबकि यूरोपीय संघ में इसका उत्पादन बहुत कम होता है। चीन से प्रतिस्पर्धा का सामना करते हुए, संघ के उत्पादक यूरोपीय संघ ने भी टेक्निकल का उत्पादन बंद कर दिया है और चीन से आयातित टेक्निकल को फ़ॉर्म्यूलेशन में बदलने के लिए अपने प्रचालनों को कम कर दिया है।

iii. वर्ष 2004 से खरपतवार विज्ञान निदेशालय ने पैराक्वाट और ग्लाइफोसेट की तुलना में ग्लूफोसिनेट को अधिक सुरक्षित, अवशेष मुक्त और सतत खरपतवार नियंत्रण के लिए बढ़ावा दिया है।

iv. यूपीएल ग्रुप ने 2018 में भारत में इस उत्पाद को लॉन्च किया था, जिसके तहत करीब 72,000 ग्राम-स्तरीय प्रदर्शन और 58,900 से अधिक फील्ड दिवस आयोजित किए गए, जो कुल मिलाकर 161 वर्षों के कर्मचारी प्रयास के बराबर है, तथा करीब 1 मिलियन किसानों तक पहुंच बनाई गई।

v. ग्लूफ़ोसिनेट टेक्निकल का व्यापार सामान्य तौर पर 95% सांद्रता (कंसेन्ट्रेशन) के साथ किया जाता है। ग्लूफ़ोसिनेट फ़ॉर्म्युलेशन 13.5% सांद्रता अथवा 50% सांद्रता

के साथ हो सकता है। ग्लूफ़ोसिनेट फ़ॉर्म्युलेशन कुछ और नहीं बल्कि ग्लूफ़ोसिनेट टेक्निकल को विलायक के साथ मिलाकर लागत वृद्धि को वहन करने से बनता है।

vi. उच्च जल सामग्री के कारण, ग्लूफ़ोसिनेट को फ़ॉर्म्युलेशन के रूप में लाना ले जाना वाणिज्यिक रूप से अव्यवहारिक है क्योंकि शिपिंग लागत अधिक है। चीन से केवल तकनीकी रूप में ग्लूफ़ोसिनेट का आयात किया जाता है। यूरोपीय संघ से सीमित फ़ॉर्म्युलेशन आयात होते हैं।

vii. आवेदकों द्वारा उत्पादित उत्पाद और संबद्ध देश से आयात किए गए उत्पाद में समान विशेषताओं, विनिर्माण प्रक्रियाओं और उपयोगों को साझा किया गया है, जिससे उनका व्यावसायिक रूप से आदान पदान किया जाता है। ग्लूफ़ोसिनेट फ़ॉर्म्युलेशन और तकनीकी में समान विशेषताएं हैं। ग्लूफ़ोसिनेट तकनीकी से फ़ॉर्म्युलेशन की प्रक्रिया रासायनिक/ तकनीकी विशेषताओं को नहीं बदलती है। यह केवल सामग्री की सांद्रता को पतला करता है।

viii. डब्ल्यूटीओ पाटनरांधी करार में कोई विशेष प्रावधान नहीं है जो विचाराधीन उत्पाद के निर्धारण के लिए मापदंडों का प्रावधान करता है। ग्लूफ़ोसिनेट तकनीकी का स्वतंत्र उपयोग नहीं है और इसे अनिवार्य रूप से तैयार किया जाना चाहिए। आयात किए गए ग्लूफ़ोसिनेट तकनीकी की पूरी खपत ग्लूफ़ोसिनेट तैयार करने के उत्पादन में होती है।

ix. तकनीकी में प्रति इकाई निवेश [***] रुपये प्रति मीट्रिक टन से अधिक है, जबकि फ़ॉर्म्युलेशन के मामले में प्रति इकाई निवेश [***] रुपये प्रति मीट्रिक टन के आसपास है। तकनीकी को फ़ॉर्म्युलेशन में बदलने के लिए बहुत अधिक निवेश की आवश्यकता नहीं होती है।

x. ग्लूफोसिनेट को फ़ॉर्म्युलेशन में परिवर्तित करने के लिए अमोनिक्स एमओ और माइरिस्टाइल अमीन ऑक्साइड जैसे कम लागत वाले सॉल्वैंट के साथ सामान्य डाइलूशन की आवश्यकता होती है, जिससे यह एक छोटी वृद्धिशील प्रक्रिया बन जाती है।

xi. यदि बाजार से खरीदे गए अन्य कच्चे माल की लागत को छोड़ दिया जाए, तो अकेले तकनीकी की लागत फ़ॉर्म्युलेशन की लागत का लगभग [***] है। तकनीकी से फ़ॉर्म्युलेशन के बीच मूल्य संवर्धन 10% है।

xii. ग्लूफोसिनेट के सभी रूपों को इसके दायरे में शामिल किया जाना चाहिए; अन्यथा, आयात तकनीकी रूप से फ़ॉर्म्युलेशन की ओर स्थानांतरित हो जाएगा।

xiii. विभिन्न विगत जांचों में प्राधिकारी ने विचाराधीन उत्पाद तथा उसके मध्यवर्ती या आगे संसाधित रूप दोनों को एक ही दायरे में शामिल किया है।

xiv. वैश्विक स्तर पर विभिन्न प्राधिकारी विचाराधीन उत्पाद के दायरे में उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला को शामिल करते हैं। यूएसआईटीसी ने 2, 4-डी के आयात में अपनी जांच के दायरे का विस्तार करते हुए 2, 4-डी युक्त सभी हर्बिसाइड्स को शामिल किया है, जिसमें 2.4-डी से बने करीब 1,500 उत्पाद शामिल हैं।

xv. सीवीपी-23 और थैलोसाइनिन पिगमेंट के लिए जांच में, अमेरिका और चीन ने इन मध्यवर्ती और तैयार दोनों प्रकार के उत्पादों को विचाराधीन उत्पाद के दायरे में शामिल किया है, जबकि इन मध्यवर्ती उत्पादों का कोई प्रत्यक्ष निर्यात नहीं होता है।

xvi. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने यह कहा है कि लाइसेंस के लिए आवश्यक समय 4 वर्ष का है। आवेदकों ने वर्ष 2018 में ग्लूफ़ोसिनेट फ़ॉर्म्युलेशन तैयार किया था, जिसके पहले ग्लूफ़ोसिनेट फ़ॉर्म्युलेशन की कोई मांग नहीं थी। यहां तक कि आयातकों ने वर्ष 2019 में लाइसेंस के लिए आवेदन किया है, तो वे 2023 तक आयात नहीं कर पाएंगे; तथापि, उन्होंने वर्ष 2022 में आयात करना शुरू कर दिया।

xvii. आवेदक बड़ी संख्या में देशों को फ़ॉर्म्युलेशन का निर्यात करते हैं और यूरोप ने भारत को 50% क्षमता के साथ ग्लूफोसिनेट की आपूर्ति की है।

xviii. अन्य हितबद्ध पक्षकार विचाराधीन उत्पाद के लिए उपलब्ध विकल्पों का साक्ष्य प्रदान करने में विफल रहे तथा गोपनीयता का संदर्भ देते हुए उत्पाद का नाम भी नहीं बताया।

ग.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

7. जांच शुरुआत के समय, विचाराधीन उत्पाद को *"ग्लूफ़ोसिनेट और इसके साल्ट"* के रुप में माना जाता था। ग्लूफ़ोसिनेट को ग्लूफ़ोसिनेट अमोनियम (डी, एल-फ़ॉस्फ़िनोथ्रिकिन या 2-एमिनो-4 - (हाइड्रॉक्सी मिथाइल फ़ॉस्फ़िनिल) के रूप में भी जाना जाता है। यह उत्पाद

सफ़ेद से हल्के पीले रंग का क्रिस्टलीय ठोस होता है जिसकी गंध थोड़ी तीखी होती है और यह अत्यधिक घुलनशील और वाष्पशील पदार्थ होता है।

8. यह नोट किया जाता है कि ग्लूफ़ोसिनेट एक व्यापक रूप से उपयोग किया जाने वाला व्यापक स्पेक्ट्रम हर्बिसाइड है। खरपतवार नियंत्रण में इसकी प्रभावकारिता और विभिन्न फसलों में बहुमुखी प्रतिभा के कारण इस उत्पाद का उपयोग मुख्य रूप से आधुनिक कृषि में किया जाता है। उत्पाद का प्राथमिक अनुप्रयोग पंक्तिबद्ध फसल खेती में है, जहाँ इसे अवांछित वनस्पति को दबाने के लिए रोपण से पहले या उसके दौरान लगाया जाता है। ग्लूफ़ोसिनेट की उपयोगिता मक्का, सोयाबीन और कपास जैसी प्रमुख फसलों तक व्याप्त है, जो किसानों को खरपतवार प्रतिस्पर्धा से निपटने और खेती वाले पौधों के स्वास्थ्य की रक्षा करने के लिए एक मूल्यवान उपकरण प्रदान करती है।

9. विचाराधीन उत्पाद का कोई समर्पित वर्गीकरण नहीं है। उत्पाद को सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 के अध्याय 38 के अंतर्गत टैरिफ वर्गीकरण के उप-शीर्ष 38089199, 38089390 और 38089990 के अंतर्गत आयात किया जा रहा है। सीमा शुल्क वर्गीकरण केवल सांकेतिक है और किसी भी तरह से संबद्ध जांच के दायरे पर बाध्यकारी नहीं है।

10. प्राधिकारी ने प्रस्तावित पीसीएन पद्धति और विचाराधीन उत्पाद के दायरे पर हितबद्ध पक्षकारों से टिप्पणियाँ आमंत्रित कीं। इसके बाद, प्राधिकारी ने पीसीएन पद्धति और पीयूसी के दायरे को अंतिम रूप देने के लिए हाइब्रिड मोड के माध्यम से 27 अगस्त 2024 को सभी हितबद्ध पक्षकारों के साथ बैठक की। विचार-विमर्श के समय अपने विचार प्रस्तुत करने वाले सभी पक्षकारों को लिखित रूप में अपने अनुरोध दाखिल करने की स्वतंत्रता दी गई थी।

11. प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत अनुरोधों पर विचार करने के बाद 5 सितंबर 2024 की अधिसूचना के तहत निम्नलिखित पीसीएन पद्धति को अधिसूचित किया।

क्र. सं .	पीसीएन मापदंड	पीसीएन कोड
1	ग्लूफ़ोसिनेट तकनीकी	'जीटी'
2	ग्लूफ़ोसिनेट फ़ॉर्म्युलेशन	'जीएफ'

12. विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों ने वर्तमान जांच के दायरे में ग्लूफोसिनेट फ़ॉर्म्युलेशन को शामिल करने पर आपत्ति जताई है, मुख्य रूप से इस आधार पर कि इसे चीन जन. गण. से आयात नहीं किया गया है और देश में नियामक आवश्यकताओं के कारण इसे आयात नहीं किया जा सकता है।

13. प्राधिकारी यहाँ यह उल्लेख करना उचित समझते हैं कि 'संबद्ध उत्पाद' का दायरा जाँच के उद्देश्य और प्रयोजन पर सीधा प्रभाव डालता है। विचाराधीन उत्पाद के व्यापक दायरे से जाँच के संचालन में संभावित जटिलताओं के अलावा अनावश्यक सुरक्षा हो सकती है। साथ ही, विचाराधीन उत्पाद के संकीर्ण दायरे से घरेलू बाजार में हानिकारक पाटन को संबोधित करने के अपेक्षित उद्देश्य को पूरा करने में विफलता आ सकती है। विचाराधीन उत्पाद के संकीर्ण दायरे से घरेलू उद्योग को अपेक्षित उपचार प्रदान नहीं किया जा सकता है और आयातकों/ उपयोगकर्ताओं द्वारा लागू किए गए उपायों से बचने के इरादे से उपायों को अपनाने के कारण घरेलू उद्योग को निरंतर क्षति हो सकती है।

14. इस बात पर कोई विवाद नहीं है कि उत्पाद की सभी आवश्यक तकनीकी विशेषताएँ उत्पाद के तकनीकी रूप में विकसित की जाती हैं। तथापि, अपने तकनीकी रूप में, उत्पाद का कोई उपयोग और अनुप्रयोग नहीं होता है। यह अपने तकनीकी रूप में अपना अपेक्षित कार्य नहीं करेगा। अपेक्षित कार्य करने के लिए इसे फ़ॉर्म्युलेशन रूप में परिवर्तित किया जाना चाहिए। इस प्रकार, जबकि तकनीकी रूप में आवश्यक तकनीकी गुण होते हैं, फ़ॉर्म्युलेशन रूप उत्पाद द्वारा निष्पादित किए जाने वाले अंतिम कार्य को पूरा करता है। तकनीकी रूप का ऐसा कोई उपयोग नहीं है, और इसके उत्पादन का एकमात्र उद्देश्य इसे फ़ॉर्म्युलेशन में परिवर्तित करना है। तकनीकी रूप के उत्पादन में प्रौद्योगिकी, संयंत्र और उपकरण, निवेश, जनशक्ति, उत्पादन कौशल शामिल हैं। ग्लूफ़ोसिनेट तकनीकी को फ़ॉर्म्युलेशन में बदलने के लिए केवल विलायक

के साथ डाइल्यूशन करने की आवश्यकता होती है। सबसे पहले तकनीकी ग्लूफ़ोसिनेट का उत्पादन किया जाता है, जिसे बाद में अमोनिक्स एमओ, माइरिस्टाइल अमीन ऑक्साइड (एमओ), अमोनियम सल्फेट, सल्फ्यूरिक एसिड 44%, प्रोपलीन ग्लाइकॉल, 1-मेथॉक्सी-2-प्रोपेनॉल आदि जैसे सॉल्वैंट्स के साथ पूरी तरह से पतला करके ग्लूफ़ोसिनेट फ़ॉर्म्युलेशन में परिवर्तित किया जाता है। आवेदकों ने प्रस्तुत किया है कि वे तीन फॉर्मूलेशन कंपनियों में 20 से 25 विभिन्न प्रकार के फ़ॉर्म्युलेशन का उत्पादन करते हैं। इसके अलावा, घरेलू उद्योग की फ़ॉर्म्युलेशन सुविधाओं पर ऑनसाइट सत्यापन किया गया और यह नोट किया गया कि विभिन्न प्रकार के फ़ॉर्म्युलेशन के लिए उत्पादन सुविधाओं को स्थापित किया गया है। प्रतिवादी आयातक द्वारा दायर की गई सूचना से, यह देखा गया है कि वे विभिन्न प्रकार के फ़ॉर्म्युलेशन बनाने में भी लगे हुए हैं। यह इस बात को पुष्ट करता है कि तकनीकी आधार सामग्री है और आवश्यकताओं के अनुसार इससे विभिन्न फ़ॉर्म्युलेशन बनाए जा सकते हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि तकनीकी और फ़ॉर्म्युलेशन रूप में ग्लूफ़ोसिनेट एक ही उत्पाद के दो रूप हैं।

15. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि दोनों रुपों के बीच संबंध इसके आवेदन से भी स्पष्ट है। आवेदकों ने यह तर्क दिया है कि तकनीकी रुप में उत्पाद के आयात को फ़ॉर्म्युलेशन में बदल दिया गया है और फिर आवेदकों द्वारा बेचे गए फ़ॉर्म्युलेशन रुप के साथ प्रतिस्पर्धा में बेचा गया है। आवेदकों ने घरेलू बाजार में तकनीकी रुप में नहीं बेचा है। चूंकि आवेदकों ने घरेलू बाजार में केवल फ़ॉर्म्युलेशन रुप में बेचा है, इसलिए फ़ॉर्म्युलेशन रुप में क्षति हुई है और इसने तकनीकी रुप के प्रदर्शन को प्रभावित किया है।

16. हितबद्ध पक्षकारों ने यह तर्क दिया है कि उत्पाद के फ़ॉर्म्युलेशन का रुप न तो आयात किया गया है और न ही आयात करने योग्य है। तथापि, यह देखने में आया है कि घरेलू उद्योग ने कई देशों को फ़ॉर्म्युलेशन का निर्यात किया है जबकि यूरोपीय संघ ने भारत को फ़ॉर्म्युलेशन का निर्यात किया है। तथ्य यह है कि फ़ॉर्म्युलेशन के आयातों में उच्च परिवहन लागत शामिल हो सकती है, इसका अर्थ यह नहीं है कि यह आयात करने योग्य नहीं है। चीन से फ़ॉर्म्युलेशन के आयातों की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। पाटनरोधी शुल्क के दायरे से फ़ॉर्म्युलेशन को बाहर करने से चीन जन. गण. से फ़ॉर्म्युलेशन का सीधा

निर्यात हो सकता है, जिससे उत्पाद के पाटन के विरुद्ध घरेलू उद्योग को उपाय प्रदान करने की पूरी कवायद का उद्देश्य ही समाप्त हो जाएगा।

17. जहां तक आयातों के लिए विशिष्ट लाइसेंस की आवश्यकता का संबंध है, प्राधिकारी ने यह नोट किया है कि केवल लाइसेंस की जरुरत का अर्थ यह नहीं है कि उत्पाद का आयात नहीं किया जा सकता है अथवा भविष्य में आयात नहीं किया जाएगा। लाइसेंस की आवश्यकताएं और मानदंड परिवर्तन के अधीन हैं और इनका आधार व्यापार उपचार कार्रवाइयों से स्वतंत्र है। प्राधिकारी इसे जांच के लिए ध्यान में रखना उचित नहीं समझते हैं।

18. उपरोक्त को देखते हुए, प्राधिकारी का यह निष्कर्ष है कि वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद का दायरा *ग्लूफोसिनेट और इसका साल्ट है, जो तकनीकी और फ़ॉर्म्युलेशन दोनों रूपों में* है।

19. भारतीय उद्योग द्वारा उत्पादित और संबद्ध देश से आयातित विचाराधीन उत्पाद भौतिक और रासायनिक विशिष्टताओं, विनिर्माण प्रक्रिया और प्रौद्योगिकी, कार्यों और उपयोगों, उत्पाद विनिर्देशों, कीमत के निर्धारण, वितरण और विपणन तथा वस्तुओं के टैरिफ वर्गीकरण जैसी विशिष्टताओं के संदर्भ में तुलनीय हैं। दोनों हीतकनीकी और व्यावसायिक दृष्टि से प्रतिस्थापन योग्य हैं और उपभोक्ता उन्हें परस्पर बदल बदल कर उपयोग कर सकते हैं। यह निष्कर्ष निकाला जाता है कि आवेदकों द्वारा उत्पादित वस्तुएं संबद्ध देश से आयातित विचाराधीन उत्पाद के समान वस्तु हैं।

घ. <u>घरेलू उद्योग का दायरा और आधार</u>

घ.1 <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध</u>

20. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने घरेलू उद्योग के दायरे और आधार के संबंध में निम्नानुसार अनुरोध किए हैं :

i. कुल उत्पादन से फ़ॉर्म्युलेटर के उत्पादन को बाहर करने का कोई आधार नहीं है। आवेदक का यह तर्क कि पहले किसी उत्पादक को अंतिम कच्चे माल का उत्पादन

करने के लिए सुविधाएं स्थापित करनी होंगी और उसके बाद तैयार माल के उत्पादन को शुरू करना होगा, तभी उसे घरेलू उद्योग के रूप में योग्य माना जाएगा, यह कानून पर आधारित नहीं है।

ii. यदि तकनीकी को फ़ॉर्म्युलेशन में परिवर्तित करने वाले आवेदकों को पात्र घरेलू उद्योग माना जा सकता है, तो कोई कारण नहीं है कि अन्य फ़ॉर्म्युलेटरों को घरेलू उद्योग का भाग क्यों नहीं माना जा सकता है।

घ.2 आवेदकों द्वारा किए गए अनुरोध

21. आवेदकों ने घरेलू उद्योग के दायरे और आधार के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. वर्तमान आवेदन यूपीएल लिमिटेड, एस्ट्रल लाइफ इंडिया लिमिटेड, स्वाल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, यूनाइटेड फॉस्फोरस (इंडिया) एलएलपी और यूपीएल सस्टेनेबल एग्री सॉल्यूशन लिमिटेड द्वारा दायर किया गया है।

ii. आवेदकों का संयंत्र अधिकतम मांग वाले महीनों में पूरी क्षमता के सासथ काम करता है। ग्लूफ़ोसिनेट फ़ॉर्म्युलेशन के निर्यात की मांग को पूरा करने के लिए, आवेदकों ने चीन से ग्लूफ़ोसिनेट तकनीकी का आयात किया है। ऐसा तब भी था जब कीमतें कम होती थीं।

iii. आवेदकों द्वारा समूचे आयात मुक्त व्यापार क्षेत्र में स्थापित किसी यूनिट के लिए और केवल निर्यात बाजार के लिए किया गया था।

iv. ये आयात चीन के एक असंबद्ध निर्यातक से किए गए थे और इस प्रक्रिया में कोई भी संगत चीनी संस्थाएं शामिल नहीं थी।

v. आयातित ग्लूफ़ोसिनेट तकनीकी को निर्यात बाज़ार के लिए तैयार किया गया था, जिसका घरेलू निर्माण में कोई भी उपयोग नहीं किया गया। इसके अलावा, इन आयातों की मात्रा आवेदकों के समग्र उत्पादन के सापेक्ष न्यूनतम है।

vi. आवेदकों ने क्षति अवधि के दौरान अपनी उत्पादन क्षमता का विस्तार किया है तथा आयातक-व्यापारी बनने के बजाय उत्पादक के रूप में अपनी भूमिका को बनाए रखा है।

vii. यूपीएल लिमिटेड भारत में इस उत्पाद का एकमात्र उत्पादक है। कुल भारतीय उत्पादन का पता लगाने के लिए फॉर्म्युलेटरों के उत्पादन पर विचार नहीं किया जा सकता क्योंकि वे विचाराधीन उत्पाद के एक रूप का आयात कर रहे हैं और दूसरे रूप का निर्माण करने के लिए उसका प्रसंस्करण कर रहे हैं।

viii. चूंकि फॉर्म्युलेटरों ने विचाराधीन उत्पाद के तकनीकी रूप का आयात किया है, अत: उन्हें पात्र घरेलू उद्योग नहीं माना जा सकता।

घ.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

22. पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) के तहत घरेलू उद्योग को इस प्रकार से परिभाषित किया गया है :

> *"(ख) "घरेलू उद्योग" का तात्पर्य ऐसे समग्र घरेलू उत्पादकों से है जो समान वस्तु के विनिर्माण और उससे जुड़े किसी कार्यकलाप में संलग्न हैं अथवा उन उत्पादकों से है जिनका उक्त वस्तु का सामूहिक उत्पादन उक्त वस्तु के कुल घरेलू उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा बनता है, परंतु जब ऐसे उत्पादक कथित पाटित वस्तु के निर्यातकों या आयातकों से संबंधित होते हैं या वे स्वयं उसके आयातक होते हैं तो ऐसे मामले में "घरेलू उद्योग" शेष उत्पादकों को समझा जाएगा।"*

23. वर्तमान आवेदन यूपीएल लिमिटेड, एस्ट्रल लाइफ इंडिया लिमिटेड, यूनाइटेड फॉस्फोरस (इंडिया) एलएलपी, यूपीएल सस्टेनेबल एग्री सॉल्यूशंस लिमिटेड और स्वाल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा दायर किया गया है।

24. यह नोट किया जाता है कि आवेदक कंपनियां तकनीकी और फ़ॉर्म्युलेशन दोनों रूपों में ग्लूफ़ोसिनेट का उत्पादन कर रही हैं। यूपीएल लिमिटेड तकनीकी रूप में उत्पाद का उत्पादन करता है, जिसे यूपीएल लिमिटेड, एस्ट्रल लाइफ इंडिया लिमिटेड, यूनाइटेड फॉस्फोरस (इंडिया) एलएलपी द्वारा आगे प्रसंस्करण करके फ़ॉर्म्युलेशन रुप में लाया जाता है। यूपीएल सस्टेनेबल एग्री सॉल्यूशंस लिमिटेड और स्वाल कॉर्पोरेशन लिमिटेड भारतीय बाजार में फ़ॉर्म्युलेशन रूप को बेचने में लगे हुए हैं, जबकि यूपीएल लिमिटेड कई देशों को तकनीकी और फ़ॉर्म्युलेशन

रूप का निर्यात करने में लगी हुई है। आवेदक कंपनियां एक-दूसरे से संबद्ध हैं और इस प्रकार कंपनियों का एक ग्रुप बनाती हैं। यूपीएल लिमिटेड ने भारत में किसी भी असंबद्ध इकाई को तकनीकी रूप नहीं बेचा है। इसके अलावा, संबंधित ग्रुप की कंपनियों ने भारत में किसी भी घरेलू उत्पादक से ग्लूफ़ोसिनेट तकनीकी की खरीद नहीं की है।

25. जांच अवधि के दौरान यूपीएल लिमिटेड द्वारा एसईजेड इकाई में किए गए आयात, उनके स्वयं के उत्पादन का केवल [***] हिस्सा थे। यह देखने में आया है कि आवेदकों द्वारा किए गए उत्पादन के अनुपात में आयात महत्वपूर्ण नहीं हैं और इस प्रकार से ये आवेदक की प्रमुख विनिर्माण स्थिति को नहीं बदलते हैं। आवेदकों ने प्रमाणित किया है कि उन्होंने डीटीए में तकनीकी रूप में या फ़ॉर्म्युलेशन रूप में कोई सामग्री नहीं बेची है।

26. क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन प्राइवेट लिमिटेड और कृषि रसायन लिमिटेड ने आवेदकों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए ग्लूफोसिनेट तकनीकी का आयात किया, इसे ग्लूफोसिनेट फ़ॉर्म्युलेशन में संसाधित किया और घरेलू बाजार में बेचा।

27. एस्ट्रल लाइफ इंडिया लिमिटेड और यूनाइटेड फॉस्फोरस (इंडिया) एलएलपी ने यूपीएल से तकनीकी रुप लिया और उसे फ़ॉर्म्युलेशन में बदल दिया। इसके बाद, फ़ॉर्म्युलेशन को घरेलू और वैश्विक बाजार दोनों में बेचा गया है। कंपनी ने क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन प्राइवेट लिमिटेड और कृषि रसायन लिमिटेड (चीन से तकनीकी फॉर्म आ यात करने वाली कंपनियां) के साथ प्रतिस्पर्धा में घरेलू बाजार में फ़ॉर्म्युलेशन फॉर्म बेचा है।

28. प्राधिकारी यह मानते हैं कि जिन कंपनियों के पास ग्लूफ़ोसिनेट तकनीकी के उत्पादन के लिए विनिर्माण की सुविधाएं नहीं हैं और जो केवल तकनीकी रूप को तैयार करने में लगी हुई हैं, उन्हें नियम 2(ख) के तात्पर्य से घरेलू उद्योग नहीं माना जा सकता है, क्योंकि वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद में तकनीकी और फ़ॉर्म्युलेश दोनों रूप शामिल हैं और इन कंपनियों ने विचाराधीन उत्पाद के एक रूप का आयात किया है और इसे केवल दूसरे रूप में परिवर्तित किया है। तकनीकी और फ़ॉर्म्युलेशन एक ही उत्पाद के दो रूप हैं जिनमें तकनीकी रूप के उत्पादन में प्रमुख निवेश, उत्पादन तकनीक, विनिर्माण गतिविधियां, संयंत्र

और उपकरण, रोजगार, कच्चा माल, उत्पादन कौशल शामिल हैं। अत: , घरेलू उत्पादकों के लिए पात्र घरेलू उद्योग के रूप में माने जाने के लिए तकनीकी रूप का निर्माता होना आवश्यक है। इन कंपनियों ने विचाराधीन उत्पाद के तकनीकी रूप का आयात किया है और इसे "भारत में आयात" माना गया है।

29. उपरोक्त को देखते हुए, नियम 2(ख) के प्रावधानों और मामले के तथ्यों पर विचार करते हुए, प्राधिकारी का यह निष्कर्ष है कि आवेदक के पास संबद्ध वस्तुओं के कुल घरेलू उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा है। प्राधिकारी का यह निष्कर्ष है कि आवेदक सामूहिक रूप से नियम 2(ख) के तात्पर्य से घरेलू उद्योग की स्थापना करते हैं और नियमावली के नियम 5(3) के अनुसार आधार के मापदंडों को पूरा करते हैं।

ड. गोपनीयता और विविध अनुरोध

ड.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

30. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने गोपनीयता और विविध अनुरोधों के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं :

i. आवेदकों ने व्यापार सूचना सं. 10/2018 का पूरी तरह से उल्लंघन किया है। आवेदकों को उत्पादन की मात्रा, क्षमता उपयोग, बिक्रियों की मात्रा और मूल्य, कर्मचारियों की संख्या के संबंध में वास्तविक जानकारी प्रदान करनी होगी।

ii. व्यापार सूचना सं. 10/2018 में डेटा छिपाने के लिए केवल इसलिए कोई विशेष निर्देश नहीं दिए गए हैं क्योंकि यह कंपनियों का एक समूह है। इसके बजाय, व्यापार सूचना में स्पष्ट रूप से यह कहा गया है कि कई उत्पादकों से जुड़े मामलों में, वास्तविक संख्या में सूचना प्रदान की जानी चाहिए।

iii. यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि क्या आवेदकों ने व्यापार सूचना से अलग होने के लिए डीजीटीआर की अनुमति प्राप्त की थी। यदि अनुमति दी गई थी, तो पत्राचार साझा किया जाना चाहिए। यदि कोई अनुरोध नहीं किया गया था, तो जांच समाप्त की जानी चाहिए।

iv. कोई औपचारिक "यूपीएल ग्रुप" नहीं है जिसके लिए अनुरोध किया गया था। यह सूचना व्यक्तिगत संस्थाओं द्वारा प्रस्तुत की गई है।

v. सभी आर्थिक मापदंडों को इस तरह से प्रकट किया जाना चाहिए जिससे स्थिति का व्यापक आकलन किया जा सके। व्यापार सूचना का अनुपालन करने में विफलता ने बाजार पर आर्थिक प्रभाव का सटीक मूल्यांकन करने की हितबद्ध पक्षकार की क्षमता को प्रभावित किया है।

vi. आवेदकों ने किसानों द्वारा उत्पादों की खपत और विचाराधीन उत्पाद अन्य हर्बिसाइड्स की तुलना में अधिक प्रभावी होने के बारे में कोई सूचना अथवा साक्ष्य नहीं दिया है।

ड.2 आवेदकों द्वारा किए गए अनुरोध

31. आवेदकों ने गोपनीयता और विविध अनुरोधों के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किया है :

i. आवेदकों ने आयातों की मात्रा को गोपनीय बताने के संबंध में औचित्य प्रदान किया है क्योंकि विगत में केवल आवेदकों द्वारा आयात ही किए जा रहे थे और आयात मात्रा का प्रकटीकरण होने से आवेदकों द्वारा किए गए आयातों का प्रकटीकरण हो जाता।

ii. आर्थिक मापदंडों के संबंध में डेटा पांच संस्थाओं से संबंधित है, जो सभी यूपीएल ग्रुप का भाग हैं, जिसका तात्पर्य यह है कि डेटा प्रभावी रूप से अकेले यूपीएल का प्रतिनिधित्व करता है।

iii. यदि हितबद्ध पक्षकारों को आवेदकों द्वारा दावा की गई अत्यधिक गोपनीयता से परेशानी थी, तो उन्हें जांच शुरुआत अधिसूचना में निर्धारित की गई समय सीमा के भीतर टिप्पणिश्सें को दायर करनी चाहिए थीं।

iv. पैराक्वेट एक अत्यधिक टोक्सिक हर्बिसाइड है, जो मनुष्यों और वन्यजीवों के लिए हानिकारक है। अमेरिकी पर्यावरण संरक्षण एजेंसी ने इसे "प्रतिबंधित उपयोग" के रूप में वर्गीकृत किया है, इसके आवेदन को लाइसेंस प्राप्त उपयोगकर्ताओं तक सीमित किया है, और इसे 32 देशों में प्रतिबंधित किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप मांग में गिरावट आई है।

v. विचाराधीन उत्पाद को प्रतिबंधित के रूप में वर्गीकृत किया गया है, आयातकों को आयात करने से पहले पौध संरक्षण, संगरोध और भंडारण निदेशालय से लाइसेंस प्राप्त करने की आवश्यकता होती है, यद्यपि आयातों पर प्रतिबंध नहीं है।

vi. आवेदक ही भारत में एकमात्र ऐसी संस्थाएं हैं जिन्हें ग्लूफोसिनेट तकनीकी और फ़ॉर्म्युलेशन दोनों का उत्पादन करने के लिए लाइसेंस प्राप्त है, जबकि अन्य भारतीय उत्पादकों के पास तकनीकी उत्पादन के लिए आवश्यक लाइसेंस नहीं हैं, यद्यपि कुछ उत्पादक आयातित तकनीकी से उत्पादों को बनाते हैं।

vii. जांच की अवधि के बाद की अवधि में अन्य देशों को निर्यात मूल्य में तेजी से गिरावट आई है और प्राधिकारी उपायों के बेंचमार्क रूप को लागू करने पर विचार कर सकते हैं।

ड.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

32. प्राधिकारी ने नियम 6(7) और व्यापार सूचना 01/2020 (प्राधिकारी द्वारा आगे की सूचना तक यथाविस्तारित) के साथ पठित दिनांक 7 सितंबर 2018 की व्यापार सूचना सं. 10/2018 के अनुसार सभी हितबद्ध पक्षकारों को विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रदान की गई सूचना का अगोपनीय पाठ उपलब्ध कराया।

33. सूचना की गोपनीयता के संबंध में पाटनरोधी नियमावली के नियम 7 में प्रावधान इस प्रकार हैं :-

*"**गोपनीय सूचना - (1)** नियम 6 के उप नियम (2), (3) एवं (7), नियम 12 के उप नियम (2), नियम 15 के उप नियम (4) तथा नियम 17 के उप नियम (4) में किसी भी बात के होते हुए भी नियम 5 के उप नियम (1) के प्राप्त आवेदनों की प्रतियाँ या जाँच की प्रक्रिया में किसी पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर निर्दिष्ट प्राधिकारी को प्रदत्त कोई अन्य सूचना के संबंध में निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा उसकी गोपनीयता के संबंध में संतुष्ट होने पर ऐसी सूचना को गोपनीय माना जाएगा और ऐसी सूचना प्रदान करने वाले पक्षकार के विशिष्ट प्राधिकार के बिना ऐसी सूचना किसी अन्य पक्षकार के समक्ष प्रकट नहीं की जाएगी।*

(2) निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा हितबद्ध पक्षकारों से प्रस्तुत की गई किसी गोपनीय सूचना का अगोपनीय सारांश प्रस्तुत किए जाने की अपेक्षा नहीं जाएगी और यदि सूचना यदि ऐसी सूचना प्रस्तुत करने वाले पक्षकार के विचार से ऐसी सूचना का सारांश तैयार करना संभव न हो तो उसका कारण बताते हुए एक विवरण प्रस्तुत करना अपेक्षित होगा।

(3) उप नियम (2) की किसी बात के होते हुए भी यदि प्राधिकारी को यह विश्वास है कि गोपनीयता का अनुरोध उचित नहीं है अथवा सूचना प्रदाता सूचना को सार्वजनिक करने या उसे सामान्यीकृत अथवा सारांश रूप में प्रकट करने का प्राधिकार देने का अनिच्छुक है तो वह ऐसी सूचना की उपेक्षा कर सकते हैं।"

34. गोपनीयता के संबंध में आवेदकों और अन्य पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए अनुरोधों की, जहां तक संगत माना गया, प्राधिकारी द्वारा जांच की गई और तदनुसार उनका समाधान किया गया। संतुष्ट होने पर, प्राधिकारी ने गोपनीयता के दावों को आवश्यकता के अनुसार स्वीकार कर लिया है और ऐसी सूचना को गोपनीय माना गया है और अन्य हितबद्ध पक्षकारों को इसका प्रकटन नहीं किया गया है। जहां भी संभव हुआ, गोपनीयता के आधार पर सूचना प्रदान करने वाले पक्षकारों को गोपनीय आधार पर दायर की गई सूचना का पर्याप्त अगोपनीय पाठ प्रदान करने का निर्देश दिया गया था। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि सभी हितबद्ध पक्षकारों ने अपने व्यवसाय से संबंधित संवेदनशील सूचना के गोपनीय होने का दावा किया है।

35. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दिए गए तर्कों के संबंध में कि कोई औपचारिक यूपीएल ग्रुप नहीं है और चूंकि 5 से अधिक आवेदक हैं, इसलिए व्यापार सूचना स. 10/2018 के अनुसार वास्तविक सूचना को साझा किया जाना चाहिए था। प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि यहां तक ही यूपीएल ग्रुप एक कानून संस्था नहीं है, फिर भी सूचना 5 उत्पादकों द्वारा प्रदान की जाती है जो कंपनियों के एक ग्रुप का भाग हैं। केवल एक संस्था तकनीकी के उत्पादन में लगी हुई है और दो संस्थाएं फॉम्युलेशन के उत्पादन में लगी हुई हैं। आवेदन दायर करने वाले कई उत्पादकों के मामले में वास्तविक डेटा के प्रकटीकरण के पीछे का तर्क यह है कि इससे विभिन्न संस्थाओं के केवल समेकित डेटा का प्रकटन होगा, जबकि विशेष कंपनियों के

9	आरओसीई	%	-21%	129%	-52%

90. यह देखा गया है कि घरेलू उद्योग ने जांच अवधि में मात्रा और मूल्य मापदंडों में गंभीर रूप से नकारात्मक वृद्धि दर्ज की है। उत्पादन में वृद्धि, घरेलू बिक्री, बाजार हिस्सेदारी, कर पूर्व लाभ, ब्याज पूर्व लाभ, नकद लाभ, निवेश पर आय, सभी जांच की अवधि में इस अवधि में आयात में महत्वपूर्ण वृद्धि के साथ नकारात्मक थे।

vii. पाटन का परिमाण

91. पाटन की मात्रा इस बात का सूचक है कि आयातित वस्तुओं को भारत में किस सीमा तक पाटित किया जा रहा है। जांच से पता चला है कि जांच अवधि में पाटन मार्जिन सकारात्मक और महत्वपूर्ण है।

viii. पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता

92. भारत में संपूर्ण मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त क्षमता होने के बावजूद, घरेलू उद्योग के प्रदर्शन पर मात्रा और मूल्य खातों दोनों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा, जो कि संबद्ध देश से पाटित किए गए आयात के कारण था। मात्रा और मूल्य दोनों मानदंडों में गिरावट के कारण उत्पादन को स्थगित करने के कारण घरेलू उद्योग की पूंजी निवेश बढ़ाने की क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

ix. घरेलू कीमतों को प्रभावित करने वाले कारक

93. यह देखा गया है कि आयात मूल्य घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से अत्यधिक कम है। इसके अतिरिक्त, आयातकों द्वारा बिक्री किए जाने वाले फार्मूलेशन की बिक्री कीमत घरेलू उद्योग द्वारा बिक्री किए जाने वाले के बिक्री कीमत से अत्यधिक कम है। हालाँकि, घरेलू उद्योग ने आयातित उत्पाद की कीमतों के प्रत्युत्तर में अपनी कीमतों में कमी नहीं की है। घरेलू बिक्री में गिरावट इतनी महत्वपूर्ण रही है कि घरेलू उद्योग को उत्पादन स्थगित करने के लिए बाध्य होना पड़ा।

ङ भौतिक क्षति का जोखिम

94. प्राधिकारी ने नियमों के अनुलग्नक II के प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए, पाटित आयातों से घरेलू उद्योग को होने वाली वास्तविक क्षति के जोखिम की भी जांच की है। चूंकि जांच के बाद की अवधि में न्यूनतम आयात कीमत लागू थी, इसलिए जांच के बाद की अवधि के निष्पादन की जांच नहीं की गई है।

i. पाटित किए गए आयातों में उल्लेखनीय वृद्धि दर:

95. नीचे दी गई तालिका जांच अवधि के दौरान चीन जन.गण. से आयात को दर्शाती है।

क्रम. सं	**विवरण**	**यूओएम**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**जनवरी-दिसंबर 23**
1	चीन से सकल आयात (तकनीकी)	मीट्रिक टन	590	266	931	1,296
2	निर्यात के लिए घरेलू उद्योग द्वारा किए गए आयात को छोड़कर मांग (तकनीकी +तकनीकी के समतुल्य फार्मूलेशन)	मीट्रिक टन	***	***	***	***
	प्रवृति	सूचीबद्ध	*100*	*98*	*140*	*137*
3	निर्यात के लिए आयात को छोड़कर आयात (तकनीकी)	मीट्रिक टन	0	0	86	636

96. यह देखा गया है कि चीन से आयात में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। विगत वर्ष की तुलना में जांच अवधि में आयात में 600% से अधिक की वृद्धि हुई है। आयातों में वृद्धि की मात्रा बहुत अधिक है, जिससे आयात में और वृद्धि होने का स्पष्ट जोखिम है।

ii. निर्यातकों की क्षमता में पर्याप्त वृद्धि

97. प्राधिकारी ने भाग लेने वाले उत्पादकों की प्रतिक्रिया की जांच की है, और यह देखा गया है कि भाग लेने वाले उत्पादकों ने अपनी क्षमता का विस्तार नहीं किया है। हालांकि, घरेलू उद्योग ने साक्ष्य प्रस्तुत किए हैं कि विचाराधीन उत्पाद के लिए चीन में कुल डिज़ाइन की गई क्षमता 1.5 लाख मीट्रिक टन है जो चीन में घरेलू मांग से कहीं अधिक है। भारतीय बाजार में विचाराधीन उत्पाद की मांग 1500 मीट्रिक टन से 2000 मीट्रिक टन के बीच है और चीन में मौजूद विशाल क्षमताओं की तुलना में यह बहुत कम है।

iii. आयात ऐसी कीमतों पर हो रहा है जिसका काफी निराशाजनक या दमनकारी प्रभाव होगा

98. नीचे दी गई तालिका संगत जानकारी दर्शाती है।

क्रम. सं	**विवरण**	**यूओएम**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**जनवरी-दिसंबर 23**
1	बिक्री की लागत (तकनीकी)	रुपये/किग्रा	***	***	***	***
	प्रवृति	सूचीबद्ध किए गए	100	131	149	127
2	चीन जन.गण से आयात मूल्य (तकनीकी)	रुपये/किग्रा	1,401	1,441	1,972	903

99. यह देखा गया है कि जांच की अवधि से पहले, चीन से आयात मूल्य घरेलू उद्योग की बिक्री की लागत से अधिक था। हालांकि, जांच की अवधि में आयात कीमतों में तेजी से गिरावट आई, और घरेलू उद्योग की बिक्री की लागत से बहुत कम हैं। इसके अतिरिक्त, जांच की अवधि के अंत में आयात मूल्य 903 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर तक गिर गया । घरेलू उद्योग ने जांच की अवधि के बाद अन्य देशों को ग्लूफोसिनेट के निर्यात मूल्य की सूचना भी उपलब्ध कराई है । यह देखा गया है कि चीन से अन्य देशों को निर्यात मूल्य में और गिरावट आई है। इसलिए, आयात से घरेलू उद्योग की कीमतों पर महत्वपूर्ण ह्रास/न्यूनीकरण

प्रभाव पड़ने की संभावना है। घरेलू उद्योग को एक महत्वपूर्ण अवधि के लिए उत्पादन स्थगित करने के लिए भी बाध्य होना पड़ा और उसे [***] करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की सामग्री की वापसी का सामना करना पड़ा। यदि घरेलू उद्योग उत्पादन जारी रखता, तो उसे उत्पाद को बिक्री की लागत से कम कीमतों पर बेचना पड़ता, जिसके परिणामस्वरूप वित्तीय क्षति होता।

iv. चीनी उत्पादकों के वस्तुओं की सूची की जांच की जा रही है

100. इस संबंध में किसी भी पक्ष द्वारा कोई जानकारी नहीं दी गई है, इसलिए इसकी जांच नहीं की जा सकती।

च. क्षति का निष्कर्ष

101. उपरोक्त के आधार पर निम्नलिखित निष्कर्ष निकाला गया है:

i. संबद्ध आयातों को भारतीय बाजार में पाटित कीमतों पर प्रवेश मिला है।
ii. जांच अवधि में चीन से आयात में तेजी से वृद्धि हुई है। आयात में निरपेक्ष और सापेक्ष दोनों ही दृष्टियों से वृद्धि हुई है।
iii. देश में मांग और आपूर्ति में कोई अंतर नहीं होने के बावजूद आयात में वृद्धि हुई।
iv. वर्ष 2020-21 और वर्ष 2021-22 में घरेलू खपत के लिए संबद्ध देश से कोई आयात नहीं हुआ। आयात वर्ष 2022-23 में आरंभ हुआ और जांच अवधि में इसमें तेजी से वृद्धि हुई है।
v. आयातित उत्पाद द्वारा कीमत में कटौती सकारात्मक एवं महत्वपूर्ण है।
vi. चीन से आयात घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से भी कम है।
vii. कम कीमत पर तकनीकी उपलब्ध होने से फार्मूले बनाने वालों को ग्लूफ़ोसिनेट फार्मूलेशन कम कीमत पर विक्रय करने की सुविधा मिल गई है। इससे घरेलू उद्योग की बिक्री पर प्रभाव पड़ा है।
viii. आयातित उत्पाद ने घरेलू उद्योग का बाजार हिस्सा ले लिया है। चूंकि घरेलू उद्योग बाजार में बिक्री करने में असमर्थ था, इसलिए उसके पास अत्यधिक मात्रा में निष्क्रिय माल रखा हुआ था और उसे बहुत समय तक उत्पादन स्थगित करना पड़ा।

ix. घरेलू उद्योग को उत्पादन स्थगित करने के लिए बाध्य होना पड़ा। जांच अवधि के पश्चात घरेलू उद्योग के संयंत्र को 3 महीने के लिए बंद कर दिया गया।

x. घरेलू उद्योग के उत्पादन और क्षमता उपयोग में अत्यधिक गिरावट आई है।

xi. आयातों में उल्लेखनीय वृद्धि और परिणामस्वरूप बिक्री मात्रा में गिरावट के कारण, घरेलू उद्योग को जांच अवधि में लाभ, नकद लाभ और निवेश पर आय में अत्यधिक गिरावट का सामना करना पड़ा है।

xii. घरेलू उद्योग को जांच अवधि में सभी मात्रा और मूल्य मापदंडों पर महत्वपूर्ण नकारात्मक वृद्धि का सामना करना पड़ा है।

xiii. आयात ऐसी कीमतों पर हो रहा है जिससे घरेलू उद्योग को और अधिक हानि पहुंचने की संभावना है।

xiv. चीन के उत्पादकों ने अपनी क्षमता में उल्लेखनीय विस्तार किया है और वे अपने उत्पाद भारतीय बाजार में ला सकते हैं।

xv. आयात में वृद्धि बहुत अधिक थी, जिससे पाटन-रोधी शुल्क के अभाव में आयात में वृद्धि का स्पष्ट जोखिम दर्शाता है।

xvi. कीमत में कटौती बहुत अधिक है और इसके परिणामस्वरूप आयात में वृद्धि होने की संभावना है तथा बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतों पर बाध्यकारी/निराशाजनक प्रभाव पड़ने की संभावना है।

ज. आकस्मिक कारक और गैर-आरोपण विश्लेषण

102. नियमों के अनुसार, प्राधिकारी को, अन्य बातों के साथ-साथ, पाटित आयातों के अतिरिक्त किसी भी ज्ञात कारक की जांच करने की आवश्यकता है जो घरेलू उद्योग को क्षति पहुंचा रहे हैं या क्षति पहुंचाने की संभावना है, ताकि इन अन्य कारकों से होने वाली क्षति को पाटित आयातों के लिए जिम्मेदार न ठहराया जा सके। इस संबंध में प्रासंगिक हो सकने वाले कारकों में, अन्य बातों के साथ-साथ, पाटित कीमतों पर नहीं बेचे जाने वाले आयातों की मात्रा और कीमतें, मांग में कमी या खपत के पैटर्न में बदलाव, विदेशी और घरेलू उत्पादकों के बीच व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रथाएं और प्रतिस्पर्धा, प्रौद्योगिकी में विकास और घरेलू उद्योग का निर्यात प्रदर्शन और उत्पादकता शामिल हैं। नीचे इसकी जांच की गई है कि क्या नियमों के तहत सूचीबद्ध कारकों का घरेलू उद्योग को हुई क्षति में योगदान हो सकता है।

i. **तीसरे देशों से आयात की मात्रा और कीमत**

103. चीन जन.गण के अतिरिक्त, यूरोपीय संघ से भी आयात होता है। हालांकि, ये आयात फॉर्मूलेशन के होते हैं और बहुत अधिक कीमत पर होते हैं। इसलिए, अन्य देशों से आयात से घरेलू उद्योग को क्षति नहीं हो रही है।

ii. **मांग में कमी**

104. यह देखा गया है कि आधार वर्ष की तुलना में जांच अवधि में संबद्ध वस्तुओं की मांग में वृद्धि हुई है। इसलिए, मांग में कमी के कारण घरेलू उद्योग को कोई क्षति नहीं हुई है।

iii. **खपत की पद्धति में परिवर्तन**

105. विचाराधीन उत्पाद की खपत की पद्धति में कोई ज्ञात भौतिक परिवर्तन नहीं हुआ है।

iv. **व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रथाएँ**

106. किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने किसी ज्ञात व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रथा से संबंधित कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया है, जिससे घरेलू उद्योग को क्षति हो सकती हो। इसलिए, प्राधिकारी का निष्कर्ष हैं कि व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रथा से घरेलू उद्योग को कोई क्षति नहीं हुई है।

v. **प्रौद्योगिकी विकास**

107. प्राधिकारी ने नोट करते हैं कि संबद्ध वस्तुओं के उत्पादन की प्रौद्योगिकी में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। इसलिए प्रौद्योगिकी में विकास से घरेलू उद्योग को कोई क्षति नहीं हुई है।

vi. **निर्यात निष्पादन**

108. प्राधिकारी ने क्षति विश्लेषण के लिए घरेलू परिचालन के क्षति आंकड़ों पर विचार किया है। इसलिए, निर्यात निष्पादन घरेलू उद्योग के लिए क्षति का कारण नहीं है।

vii. **अन्य उत्पादों का निष्पादन**

109. प्राधिकारी ने केवल संबद्ध वस्तुओं के निष्पादन से संबंधित आंकड़ों पर विचार किया है। इसलिए, घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित और विक्रय किए गए अन्य उत्पादों का निष्पादन घरेलू उद्योग के लिए क्षति का संभावित कारण नहीं है।

झ. कारणात्मक संबंध पर प्राधिकारी का आकलन

110. यह देखा गया है कि ऐसे कोई अन्य कारक नहीं हैं जो घरेलू उद्योग को क्षति पहुंचा सकते हैं। इसलिए, प्राधिकारी का यह निष्कर्ष है कि घरेलू उद्योग को क्षति पाटित आयातों द्वारा पहुंचाई गई है, जैसा कि नीचे स्थापित किया गया है।

i. संबद्ध देशों से आयात पाटित कीमतों पर किए गए हैं।

ii. आयात कीमतों के निम्न होने के कारण, वर्ष 2022-23 में आयात मात्राओं ने घरेलू बाजार में प्रवेश करना आरंभ कर दिया और जांच की अवधि में इस में उल्लेखनीय रूप से उफान आया।

iii. चूंकि, चीन से आयातों में वृद्धि हुई है, इन आयातों ने घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से पर कब्जा कर लिया है। जहां आयातों के बाजार हिस्से में वृद्धि हुई है, वहीं घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में गिरावट आई है।

iv. चूंकि, आयातों में वृद्धि हुई है, घरेलू उद्योग ने अपनी घरेलू बिक्रियों में गहरी गिरावट का सामना किया है और पहले ही बेचे गए माल के वापिस होने की स्थिति का सामना करना पड़ा।

v. चूंकि, घरेलू उद्योग ने बिक्रियों को खोया है, इसे उत्पादन स्थगित करने के लिए विवश होना पड़ा। पाटित आयातों के कारण जांच की अवधि के अंत में तीन महीनों के लिए संयंत्रों को बंद करना पड़ा।

vi संबद्ध देश से आयात कम कीमतों पर हैं, ये आवेदकों की लागत और कीमत से भी कम हैं।

vii. चूंकि जांच की अवधि में आयातों में उछाल आया था, घरेलू उद्योग को महत्वपूर्ण लाभ, नकद लाभ को खोना पड़ा और इसकी निवेश पर आय में गिरावट आई।

ञ. <u>पाटन मार्जिन की मात्रा</u>

111. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग के लिए क्षति रहित कीमत को अनुबंध-III के साथ पठित नियमावली में निर्धारित किए गए सिद्धांतों के आधार पर निर्धारित किया है। क्षति रहित कीमत को घरेलू उद्योग द्वारा उपलब्ध कराई गई उत्पादन की लागत से संबंधित सूचना/आंकड़ों को अपनाने के द्वारा निर्धारित किया गया है। क्षति मार्जिन का परिकलन करने के लिए संबद्ध देश से विचाराधीन उत्पाद की पहुंच कीमत के साथ क्षति रहित कीमत की तुलना की गई है। क्षति रहित कीमत का निर्धारण करने के लिए, कच्चे माल और युटिलिटीज के सर्वोत्तम उपयोग और उत्पादन क्षमता के सर्वोत्तम उपयोग पर विचार किया गया है। यह सुनिश्चित किया गया है कि उत्पादन की लागत में कोई असाधारण अथवा गैर-आवर्ती व्ययों को प्रभारित नहीं किया गया था। क्षति रहित कीमत पर पहुंचने के लिए, विचाराधीन उत्पाद के लिए नियोजित औसत पूंजी (अर्थात् औसत निवल निर्धारित परिसंपत्तियां तथा औसत कार्यशील पूंजी) पर एक उचित आय (कर-पूर्व @22%) को कर-पूर्व लाभ के रूप में अनुमति प्रदान की गई थी। क्षति मार्जिन की संगणना करने के लिए इस प्रकार निर्धारित किए गए एनआईपी पर विचार किया गया है।

112. पहुंच कीमत और उपरोक्त अनुसार निर्धारित की गई एनआईपी के आधार पर उत्पादक/निर्यातक के लिए प्राधिकारी द्वारा निर्धारित किए गए क्षति मार्जिन को नीचे सारणी में उपलब्ध कराया गया है:-

क्र.सं.	**विवरण**	**क्षति रहित कीमत**	**पहुंच कीमत**	**पाटन मार्जिन**	**पाटन मार्जिन**	**रेंज**
		यूएस डा./एमटी	**यूएस डा./एमटी**	**यूएस डा./एमटी**	**%**	**%**
1	कोई भी उत्पादक	***	***	***	***	20-30

ट. भारतीय उद्योग के हित और अन्य मुद्दे

ट.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

113. भारतीय उद्योग के हितों के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:-

i. ग्लूफोसिनेट पर पाटनरोधी शुल्कों को लागू किया जाना सार्वजनिक हित में नहीं होगा क्योंकि क्योंकि उत्पाद एक महत्वपूर्ण हर्बीसाइड (शाकनाशी) हैं। ग्लूफोसिनेट की लागतों में वृद्धि को संभवत: ग्राहकों पर डाल दिया जाएगा जिससे कृषि उत्पाद की कीमतों में वृद्धि होगी और कम आय वाले परिवारों पर आर्थिक भार पड़ेगा।

ii. संबद्ध वस्तु का किसानों द्वारा एक जरूरी वस्तु के रूप में प्रयोग किया जाता है। चूंकि मांग और आपूर्ति अंतर बहुत ज्यादा है, शुल्कों के किसी भी अतिरिक्त भार से बहुत बड़ी जनसंख्या पर बहुत महत्वपूर्ण विपरीत प्रभाव पड़ेगा। इसलिए, शुल्क सार्वजनिक हित में नहीं होंगे।

iii. यदि शुल्कों को लागू किया जाता है तो क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन और कृषि रसायन जैसे प्रतिस्पर्धी, जिन्होंने आयातित तकनीकी ग्लूफोसिनेट का प्रयोग करते हुए हाल ही में फारमूलेशन्स का उत्पादन करना आरंभ किया है, अनुचित बाधाओं का सामना करेंगे। ऐसे उपाय घरेलू उत्पादकों से तकनीकी ग्लूफोसिनेट तक उनकी पहुंच को प्रतिबंधित करेंगे, जो मुख्य रूप से कैप्टिव उपभोग पर ध्यान केन्द्रित करते हैं।

ट.2 आवेदकों द्वारा किए गए अनुरोध

114. आवेदकों ने भारतीय उद्योग के हित के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. ग्लूफोसिनेट पर पाटनरोधी शुल्क को लागू करने से अंतिम फार्मूलेशन मूल्य में 900 रुपए कीमत की प्रति बोतल पर केवल 24 रुपए तक की वृद्धि होगी। एक एकड़ भूमि में पानी की एक बोतल प्रयोग की जाती है। इसलिए, अंत में किसान पर शुल्क का भार गैर-महत्वपूर्ण है।

ii. तकनीकी और फार्मूलेशन ग्लूफोसिनेट की कीमत पहले और अधिक थी और हाल ही में इसमें गिरावट आई है। यदि वे उच्च कीमतें डाउनस्ट्रीम उद्योग को प्रभावित नहीं करती तो वर्तमान कीमतों का विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता।

iii. आवेदक सामाजिक सहयोग करने के लिए लगभग 31 करोड़ रुपए वार्षिक रूप से आबंटित करते हैं जिसका उद्देश्य शिक्षा, स्थायी आजीविका और प्रकृति का संरक्षण करना है जिससे लगभग 1.5 मिलियन लोगों को लाभ होता है। पहले से घटी हुई

लाभप्रदता के साथ, यदि शुल्कों को लागू नहीं किया जाता तो यह इन सामाजिक पहलो पर नकारात्मक प्रभाव डालेगा।

iv. संबद्ध देश से उत्पादकों का ध्यान भारतीय बाजार या इसके ग्राहकों के दीर्घावधिक हित के बजाय अधिकतम राजस्व प्राप्त करने पर केन्द्रित है। यदि एक अधिक अन्य लाभप्रद बाजार उभरता है तो उनके द्वारा अपना ध्यान स्थानांतरित किए जाने की संभावना है। इसके विपरीत, आवेदक, घरेलू उत्पादक के रूप में भारतीय ग्राहकों के हितों का समर्थन करने के लिए अधिक प्रतिबद्ध हैं।

v. भारतीय बजार में पाटित संबद्ध आयातों के आयात ने आवेदकों के निष्पादन में अत्यधिक ह्रास किया है और आवेदकों को उल्लेखनीय क्षति पहुंचाई है। इसलिए, पाटनरोधी शुल्क को लागू किया जाना यह सुनिश्चित करेगा कि आयात उचित कीमतों पर हो रहे हैं जो कि घरेलू उद्योग के हित में होगा।

vi कुल मिला कर यह जनता के हित में होगा कि उनके पास उत्पाद का एक सुदृढ़ प्रतिस्पधी घरेलू उत्पादन है।

vii. पाटनरोधी शुल्क उद्योग के लिए एक सुरक्षा नहीं है बल्कि देश में एक उचित बाजार प्रतिस्पर्धा लाने के लिए एक उपचारात्मक उपकरण है। पाटनरोधी शुल्क को लागू करने का उद्देश्य संबद्ध देश में उत्पादकों द्वारा किसी भी व्यापार विकृति को समाप्त करके एक समान स्तर की स्पर्धा स्थापित करना और भारतीय उद्योग को उचित प्रतिस्पर्धा के लिए एक अवसर की अनुमति प्रदान करना है।

viii. पाटनरोधी शुल्क को लागू किए जाने से तैयार उत्पाद की अंतिम कीमत में वृद्धि नहीं होगी। अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने यह दर्शाने के लिए कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराया है कि शुल्क को लागू किए जाने से लागतों में वृद्धि होगी।

ix. प्राधिकारी द्वारा निर्धारित की गई आर्थिक हित प्रश्नावली के बावजूद, अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने बिना किसी समर्थक साक्ष्य के केवल विवरण प्रस्तुत किए हैं जबकि घरेलू उद्योग ने उत्तर दिया है और पाटनरोधी शुल्क के प्रभाव को उपलब्ध कराया है।

ट.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

115. प्राधिकारी ने इस बात पर विचार किया है कि क्या सिफारिश किए गए पाटनरोधी शुल्क को लागू किया जाना सार्वजनिक हित में होगा। यह निर्धारण विभिन्न पक्षकारों, जिन में घरेलू उद्योग, विदेशी उत्पादक और उपभोक्ता शामिल हैं, के हितों और रिकार्ड पर उपलब्ध सूचना पर किए गए विचार पर आधारित है।

116. प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पक्षकारों, जिन में आयातक ग्राहकों और अन्य हितबद्ध पक्षकार शामिल हैं, से उनके मतों को आमंत्रित करते हुए राजपत्र अधिसूचना जारी की। प्राधिकारी ने वर्तमान जांच के संबंध में संगत जानकारी उपलब्ध कराने के लिए प्रयोक्ताओं के लिए एक प्रश्नावली भी निर्धारित की है जिसमें उनके प्रचालन पर पाटनरोधी शुल्क का संभावित प्रभाव शामिल है। प्राधिकारी ने अन्य बातों के साथ-साथ विभिन्न देशों से विभिन्न आपूर्तिकर्ताओं द्वारा आपूर्ति किए गए उत्पाद की परस्पर विनिमेयता, विभिन्न देशों से विभिन्न आपूर्तिकर्ताओं, स्रोतों को बदलने की क्षमता, उपभोक्ताओं पर पाटनरोधी शुल्क का प्रभाव, ऐसे कारक जो संभवत: पाटनरोधी शुल्क को लागू करने के कारण उत्पन्न नई स्थिति के प्रति समायोजन को त्वरित करने के कार्य को विलंबित कर सकते हैं, पर सूचना की मांग की है।

117. प्राधिकारी ने नोट किया है कि पाटनरोधी शुल्क का उद्देश्य, सामान्य तौर पर, पाटन की अनुचित व्यापार पद्धतियों द्वारा घरेलू उद्योग को पहुंची क्षति को समाप्त करना है ताकि भारतीय बाजार में खुली और उचित प्रतिस्पर्धा की स्थिति को पुन: स्थापित किया जा सके।

118. प्राधिकारी आगे नोट करते हैं कि पाटनरोधी शुल्क को लागू किया जाना आयातों को प्रतिबंधित नहीं करता। उचित कीमतों पर आयातों का होना जारी रहेगा। पाटनरोधी शुल्क सुनिश्चित करते हैं कि आयात उचित कीमतों पर भारतीय बाजार में प्रवेश कर रहे हैं और विदेशी निर्यातकों और आवेदकों के बीच समान स्तर पर अवसर को बनाए रखा जाता है।

119. प्राधिकारी ने एक आर्थिक हित प्रश्नावली निर्धारित की थी जो इस जांच में सभी हितबद्ध पक्षकारों को भेजी गई थी। प्राधिकारी नोट करते हैं कि किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने न तो कोई सूचना उपलब्ध कराई है और न ही अंतिम प्रयोक्ताओं पर पाटनरोधी शुल्क को लागू

करने के प्रभाव की मात्रा निर्धारित की है। घरेलू उद्योग ने संबद्ध वस्तुओं पर शुल्क के प्रभाव के बारे में परिमात्रात्मक सूचना उपलब्ध कराई है। घ्रेलू उद्योग द्वारा उपलब्ध कराई गई परिगणना के आधार पर, यह देखा गया है कि अंतिम प्रयोक्ताओं पर अनुशंसित शुल्कों का प्रभाव नगण्य होगा, जैसाकि नीचे दी गई सारणी से साक्ष्य है:-

क्र.सं.	**विवरण**		**मूल्य**
1	जांच की अवधि के दौरान ग्लूफोसिनेट तकनीकी आयात कीमत	क	921
2	पाटनरोधी शुल्क (अनुमानित)	ख	20%
3	तकनीकी (क X ख) के लिए कीमत वृद्धि	ग	184
4	उपभोक्ता के लिए ग्लूफोसिनेट फार्मूलेशन बोतल की अंतिम कीमत - रुपए/लीटर (https://www.indiamart.com/proddetail/upl-sweep-power-glufosinate-ammonium-13-5-w-w-sl-2852750882533.html?pos=1&DualProdscaps)	घ	800
5	एक लीटर में ग्लूफोसिनेट संकेन्द्रण (विवरण)	ड.	13.5%
6	तैयार बोतल की संभावित कीमत वृद्धि (ग X ड.)	च	24

120. किसान आमतौर पर 100 लीटर पानी के साथ लगभग 400 मि.ली. उत्पाद मिश्रित करते हैं। तब इस 400 मि.ली. का एक एकड़ क्षेत्र पर छिड़काव किया जाता है। प्रति एकड़ उत्पाद की खपत प्रति लीटर पानी का 0.04% है।

121. यह तर्क दिया जाता है कि मांग और आपूर्ति का अंतर मौजूद है जो भारत में आयातों को अनिवार्य बनाता है। रिकार्ड पर उपलब्ध सूचना के अनुसार, यह देखा गया है कि देश में कोई मांग-आपूर्ति अंतर मौजूद नहीं है। घरेलू उद्योग के पास देश में संपूर्ण मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त क्षमता विद्यमान है। घरेलू उद्योग न केवल देश में उत्पन्न मांग को पूरा कर रहा है बल्कि विभिन्न देशों को भी सक्रिय रूप से उत्पाद का निर्यात कर रहा है।

ठ. प्रकटन पश्चात किए गए अनुरोध

ठ.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

122. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने प्रकटीकरण विवरण पर निम्नलिखित टिप्पणियां की हैं:

क. लियर ने प्रासंगिक दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं, जिनमें इनवायस शामिल हैं जो 96 एमटी की निर्यात मात्रा को सिद्ध करता है। लियर केमिकल इस बात से अनजान है कि क्यों डीजी सिस्टम आंकड़े 192 मी.टन की रिपोर्ट करते हैं। यह रिपोर्टिंग त्रुटि है और प्राधिकारी से उनके उत्तर को खारिज करते हुए पुनर्विचार करने का अनुरोध किया जाता है।

ख. नियोजित पूंजी पर आय को 22% पर अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

ग. आवेदन और लिखित अनुरोध, दोनों में, आवेदकों द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रकटीकरण विवरण और आंकड़ों में प्रस्तुत किए गए आंकड़ों के बीच उल्लेखनीय विसंगति है।

घ. ग्लूफोसिनेट एक महत्वपूर्ण कृषि हर्बीसाइड है और शुल्कों के परिणामस्वरूप हुई उच्च कीमतों से किसानों की उत्पादन लागत में वृद्धि होगी; जो नकारात्मक रूप से खाद्य सुरक्षा और कृषि उत्पादकता को प्रभावित करेगा।

ड. प्राधिकारी ने 28 अप्रैल, 1992 को आर्थिक सहायता और प्रतिकारी उत्पादों पर - शराब और अंगूर उत्पादों संबंधी समिति संबंधी पैनल द्वारा प्रस्तुत वर्ष 1992 की रिपोर्ट का उल्लेख नहीं किया है जिसमें यह निर्णय दिया गया था कि वाइन-ग्रेप उत्पादक और वाइनरीज एक पृथक-पृथक उद्योग हैं और इसलिए उन्हें समान उद्योग नहीं समझा जा सकता।

च. प्राधिकारी ने इस संबंध में कोई कारण उपलब्ध नहीं कराया है कि जब ग्लूफोसिनेट तकनीकी और ग्लूफोसिनेट फार्मूलेशन, दोनों तकनीकी साथ ही वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्थापनीय नहीं हैं तो उन्हें समान वस्तु कैसे समझा जा सकता है।

छ. प्राधिकारी ने बाजार में व्यवहार्य विकल्पों की उपलब्धता के कारण घरेलू उद्योग की बिक्रियों की हानि से संबंधित कोई विश्लेषण नहीं किया है।

ज. पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन पर पहुंचने के लिए पृथक क्षति रहित कीमत और सामान्य मूल्य को निर्धारित किया जाना चाहिए।

झ. घरेलू उद्योग को क्षति स्वयं-प्रवृत्त हैं क्योंकि न्यूनतम आयात कीमत को लागू करने के बावजूद, घरेलू उद्योग एनआईपी कीमत से कम पर उत्पाद की बिक्री कर रहा है।

ञ. यूपीएल एमआईपी से उल्लेखनीय रूप से कम कीमतों पर भारत से बाहर माल की बिक्री कर रहा है और इसलिए जांच की अवधि के दौरान कीमतें शुल्क संदर्भ के लिए उपयुक्त नहीं हैं।

ठ.2 आवेदकों द्वारा किए गए अनुरोध

123. आवेदकों ने प्रकटीकरण विवरण पर निम्नलिखित टिप्पणियां की हैं:-

क. प्रयोक्ताओं ने 30% मूल्यवर्द्धन का दावा किया है, क्योंकि उन्होंने उल्लेखनीय रूप से उच्च वृद्धिकारक लागतों को ध्यान में रखा है। उपभोक्ता द्वारा जोड़ी गई माल की लागत को उस उपभोक्ता द्वारा मूल्यवर्द्धन को निर्धारित करने के लिए प्रयोग नहीं किया जा सकता।

ख. प्राधिकारी द्वारा असहयोगी उत्पादकों के लिए निर्धारित किए गए पाटन और क्षति मार्जिन उस उत्पादक द्वारा निर्धारित किए गए मार्जिनों से निम्न हैं जिसने भाग लिया है। नियमावली के नियम 6(8) में प्राधिकारी के लिए यह आवश्यक है कि वह निवल निर्यात कीमत को निर्धारित करने के लिए उपलब्ध जानकारी पर भरोसा करे किन्तु प्रयह उन्हें प्रतिभागी उत्पादकों से प्राप्त आंकड़ों पर विचार करने से नहीं रोकता है, चाहे वह अस्वीकृत ही क्यों न हो।

ग. जांच के पश्चात की अवधि में, चीन से विभिन्न देशों को आयात की कीमत में उल्लेखनीय गिरावट आई थी। जहां न्यूनतम आयात कीमत को लागू करने के कारण भारतीय बाजार के लिए कीमतों में गिरावट नहीं आई थी, वहीं चीन से निर्यात कीमतें 6.38 अमरीकी डालर प्रति कि.ग्रा. के निम्न स्तर पर पहुंच गई थीं।

घ. चीनी विनिर्माताओं द्वारा की गई कीमत कटौती को देखते हुए, आवेदकों ने शुल्क के बैंचमार्क फार्म का अनुरोध किया है। यह बैंचमार्क जांच की अवधि के दौरान आयातों की पहुंच कीमत और पाटनरोधी शुल्क की मात्रा पर आधारित होना चाहिए जैसा कि प्राधिकारी द्वारा निर्धारित किया गया हो।

ड. शुल्क की छोटी अवधि घरेलू उद्योग को पाटित आयातों के कारण हुई उल्लेखनीय क्षति से उभरने की अनुमति नहीं देगी।

ठ.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

124. प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए प्रकटीकरण पश्चात अनुरोधों की जांच की है। यह अवलोकन किया गया कि किए गए इन अनुरोधों में से अधिकतर पहले किए गए तर्कों और विवादों की पुनरावृत्ति मात्र हैं जिनकी पहले जांच की जा चुकी है और इन अंतिम जांच परिणामों के प्रासंगिक पैराग्राफों में अनिवार्य समझी जाने वाली सीमा तक जिनका उल्लेख किया जा चुका है। तथापि, प्रकटीकरण पश्चात किए गए अनुरोधों में पहली बार उठाए गए किन्हीं नए मुद्दों, साथ ही जिन मुद्दों का पहले उल्लेख किया जा चुका है किन्तु जिनकी और अधिक जांच किया जाना अनिवार्य समझा गया है, का यहां नीचे उल्लेख किया गया है।

125. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उठाए गए तर्क के संबंध में कि प्रकटीकरण विवरण में प्रस्तुत किए गए आंकड़ों तथा आवेदकों द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों में विसंगतियां हैं, प्राधिकारी नोट करते हैं कि ऐसी किसी विसंगति को सामने नहीं लगाया गया है। इसके अलावा, प्रकटीकरण विवरण में दिया गया डेटा सत्यापित किया गया डेटा है।

126. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उठाए गए तर्क के संबंध में कि घरेलू बिक्रियों की हानि घरेलू बाजार में अन्य प्रतिस्थापनीय उत्पाद की उपलब्धता के कारण हैं, प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध देश से विचाराधीन उत्पाद की आयात मात्रा में वृद्धि हुई है जबकि घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्रियों में गिरावट आई है। प्रकटीकरण विवरण में पहले ही इस बात की जांच की गई है कि उत्पाद की मांग में वृद्धि हुई है। इसलिए, अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दिए गए तर्क में कोई योग्यता नहीं है।

127. ग्लुफोसिनेट तकनीकी और फार्मुलेशनल के लिए विभिन्न क्षति रहित कीमत और सामान्य मूल्य के परिकलन के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि ये दोनों प्रकार विचाराधीन उत्पाद के भीतर दो पृथक पीसीएन हैं। चूंकि, जांच की अवधि में उत्पाद के फार्मुलेशन स्वरूप का आयात नहीं किया गया है, क्षति रहित कीमत और सामान्य मूल्य को निर्धारित करना अनावश्यक था हालांकि घरेलू उद्योग ने सारी संगत जानकारी उपलब्ध कराई है। फार्मुलेशन स्वरूप के लिए सामान्य मूल्य और एनआईपी को निर्धारित किया जाना निष्फल है जबकि इस स्वरूप का जांच की अवधि में कोई आयात नहीं किया गया था। न्यायिक अर्थव्यवस्था के सिद्धांत भी यह मांग करते हैं कि ऐसे उत्पाद प्रकार के लिए पृथक क्षति रहित कीमत और सामान्य मूल्य निर्धारित किए जाने की कोई आवश्यकता नहीं है जिसका भारत में आयात नहीं किया गया है।

128. इस तर्क के संबंध में कि शुल्क को लागू किए जाने से डाउनस्ट्रीम उत्पाद की कीमतों में वृद्धि होगी, प्राधिकारी नोट करते हैं कि निर्यातकों ने प्रस्तावित पाटनरोधी शुल्क के प्रभाव पर कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई है। इसके अलावा, जांच यह दर्शाती है कि पाटनरोधी शुल्क को लागू किए जाने का प्रभाव महत्वहीन होगा।

129. जहां तक आवेदकों द्वारा मूल्यवर्धन पर अनुरोध किए जाने का संबंध है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि उत्पाद के दो स्वरूपों पर समान स्वरूप में विचार किए जाने के लिए मूल्यवर्धन एकमात्र मापदंड नहीं है। प्राधिकारी ने विचाराधीन उत्पाद के भाग के रूप में तकनीकी और फार्मुलेशन स्वरूप को शामिल करने के लिए पर्याप्त औचित्य पाया है।

ड. निष्कर्ष

130. प्राधिकारी के समक्ष उठाए गए विवादों, उपलब्ध कराई गई सूचना, हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों और उपलब्ध कराए गए तथ्यों के संबंध में, जैसा कि उपर्युक्त जांच परिणामों में रिकार्ड किया गया है और घरेलू उद्योग को पाटन, क्षति तथा कारणात्मक संबंधों के उपर्युक्त विश्लेषण के आधार पर प्राधिकारी निम्नानुसार निष्कर्ष देते हैं:-

क. विचाराधीन उत्पाद ग्लुफोसिनेट और इसके सॉल्ट, तकनीकी और फार्मुलेशन, दोनों स्वरूप हैं। उत्पाद के दायरे में ग्लुफोसिनेट तकनीकी और ग्लुफोसिनेट फार्मुलेशन शामिल हैं। ग्लुफोसिनेट के सभी स्वरूप विचाराधीन उत्पाद के दायरे में आते हैं।

ख. जहां विचाराधीन उत्पाद का तकनीकी स्वरूप में आयात किया जाता है, इसे फार्मुलेशन स्वरूप में प्रयुक्त किया जाता है। तकनीकी से फार्मुलेशन स्वरूप में यह परिवर्तन केवल एक वृद्धिशील प्रक्रिया है। ग्लुफोसिनेट तकनीकी और ग्लुफोसिनेट फार्मुलेशन पृथक-पृथक उत्पाद नहीं हैं बल्कि केवल समान उत्पाद के भिन्न स्वरूप हैं।

ग. घरेलू उद्योग द्वारा आपूर्ति किया गया उत्पाद आयातित उत्पाद के समान उत्पाद है।

घ. आवेदक नियमावली के नियम 2(ख) के अर्थों के भीतर 'घरेलू उद्योग' ठहरता है। आवेदक उत्पाद के तकनीकी स्वरूप का एकमात्र उत्पादक है।

ड. नियम 5(3) के संदर्भ में आवेदक स्थिति के मापदंडों को पूरा करते हैं। आवेदक का उत्पादन कुल भारतीय उत्पादन का प्रमुख समानुपात ठहरता है।

च. चीनी उत्पादकों में से एक ने प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत किया है और जांच में भाग लिया है। तथापि, यह देखा गया है कि प्रतिभागी चीनी उत्पादक द्वारा रिपोर्ट किए गए निर्यातों में और डीजी सिस्टम्स में रिपोर्ट किए गए आयात आंकड़ों में भारी अंतर है। इसलिए, प्राधिकारी ने प्रतिभागी चीनी उत्पादक के संबंध में पृथक पाटन मार्जिन निर्धारित नहीं किया है।

छ. संबद्ध वस्तुओं के लिए सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत पर विचार करते हुए, संबद्ध देश से संबद्ध वस्तुओं के लिए पाटन मार्जिन निर्धारित किया गया है। यह देखा गया है कि पाटन मार्जिन उल्लेखनीय रूप से सकारात्मक है। अत:, यह स्थापित किया जाता है कि विचाराधीन उत्पाद के आयात उल्लेखनीय रूप से पाटित कीमतों पर भारतीय बाजार में प्रवेश कर रहे हैं।

ज. कुल आयात आधार वर्ष में 590 एमटी से बढ़ कर जांच की अवधि में 1296 एमटी हो गए हैं। विगत में किए गए आयात निर्यात के प्रयोजन हेतु थे।

झ. घरेलू बाजार में खपत के लिए आयात वर्ष 2020-23 में आरंभ किए गए थे और जांच की अवधि में इसमें तीव्र वृद्धि हुई है।

ञ. क्षति अवधि में उत्पाद की आयात कीमत में गहन गिरावट आई है। चूंकि, आयात कीमतों में महत्वपूर्ण गिरावट आई है, आयातों की मात्रा में बहुत कम अवधि में ही उल्लेखनीय रूप से वृद्धि हुई है।

ट. ग्लुफोसिनेट तकनीकी की आयात कीमत घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित तकनीकी स्वरूप की बिक्रियों की लागत से महत्वपूर्ण रूप से निम्न है।

ठ. पाटित आयातों ने घरेलू उद्योग को अपने उत्पादन को बंद करने के लिए विवश किया है। जांच की अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के संयंत्र अक्तूबर से दिसंबर तक की अवधि के लिए बन्द किए गए थे।

ड. आयात मात्राओं में तीव्र वृद्धि के साथ, घरेलू उद्योग के उत्पादन, क्षमता उपयोग और घरेलू बिक्रियों में उल्लेखनीय गिरावट आई है।

ढ. जांच की अवधि में आवेदक की घरेलू बिक्रियों में 48% तक की गिरावट आई है।

ण. कम कीमतों पर तकनीकी स्वरूप की उपलब्धता ने घरेलू उद्योग की फार्मुलेशन की घरेलू बिक्रियों को विपरीत रूप से प्रभावित किया है और परिणाम स्वरूप उत्पाद के तकनीकी स्वरूप के उत्पादन और क्षमता उपयोग में गिरावट आई है।

त. चीन से कम कीमत वाले आयातों में वृद्धि के साथ, घरेलू उद्योग के लाभों, नकद लाभों और निवेशों पर आय में भी गहन गिरावट आई है।

थ. घरेलू उद्योग ने इस अवधि में महत्वपूर्ण आयातों के साथ, जांच की अवधि में मात्रा और कीमत संबंधी पैरामीटरों में ऋणात्मक वृद्धि दर्ज की है।

द. घरेलू कीमत और आयातित कीमत में उल्लेखनीय अंतर, चीन में महत्वपूर्ण अप्रयुक्त उत्पादन क्षमताएं, सापेक्ष रूप से कम अवधि में आयातों में उल्लेखनीय उछाल और भारत में लागत संरचना से महत्वपूर्ण रूप से कम कीमत पर आयातों पर विचार करते हुए, चीन से आने वाले आयात महत्वपूर्ण क्षति का खतरा उत्पन्न कर रहे हैं।

ध. जांच ने किसी अन्य कारक को नहीं दर्शाया है जो घरेलू उद्योग को क्षति पहुंचा सकते हैं।

न. एक आर्थिक हित प्रश्नावली को जारी किए जाने के बावजूद, उत्पाद को उपभोक्ताओं ने इस संबंध में कोई परिमाणीकरण प्रदान नहीं किया है कि प्रस्तावित पाटनरोधी शुल्क को लागू किए जाने से कुल मिलाकर डाउनस्ट्रीम उद्योग और जनता पर किस प्रकार प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

प. घरेलू उद्योग ने प्रस्तावित शुल्क के प्रभाव का परिमाणीकरण किया है और यह प्रदर्शित किया है कि पाटनरोधी शुल्क को लागू किए जाने से कुल मिलाकर अंतिम उपभोक्ता और जनता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

फ. उत्पाद, उद्योग के स्वरूप तथा पाटित आयातों के कारण उत्पन्न हुई क्षति की मात्रा को देखते हुए, प्राधिकारी पांच (5) वर्षों की अवधि के लिए पाटनरोधी शुल्क को लागू किया जाना अनिवार्य और उचित समझते हैं।

ढ. <u>सिफारिशें</u>

131. प्राधिकारी नोट करते हैं कि जांच आरंभ की गई थी और सभी हितबद्ध पक्षकारों को अधिसूचित किया गया था तथा घरेलू उद्योग, निर्यातकों, आयातकों और अन्य हितबद्ध पक्षकारों को पाटन, क्षति, कारणात्मक संबंध तथा अनुशंसित उपायों के प्रभाव के पहलुओं पर सकारात्मक जानकारी उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान किया गया था। पाटनरोधी नियमों के तहत निर्धारित किए गए प्रावधानों के संदर्भ में पाटन, क्षति और कारणात्मक संबंध की जांच की शुरुआत करने तथा उसे आयोजित करते हुए, प्राधिकारी का विचार है कि पाटन और क्षति की भरपाई करने के लिए पाटनरोधी शुल्क को लागू किया जाना जरूरी है। प्राधिकारी इसे अनिवार्य समझते हैं और संबद्ध देश से संबद्ध वस्तुओं के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क को लागू करने की सिफारिश करते हैं।

132. कमतर शुल्क के नियम का पालन करने के संबंध में, प्राधिकारी पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन के कमतर के समकक्ष पाटनरोधी शुल्क को लागू किए जाने की सिफारिश करते हैं ताकि घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति को समाप्त किया जा सके। तद्नुसार, प्राधिकारी

नीचे संलग्न शुल्क तालिका के कॉलम 7 में उल्लिखित धन राशि के समकक्ष, केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में जारी की जाने वाली अधिसूचना की तारीख से पांच (5) वर्षों की अवधि के लिए संबद्ध देश के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तुओं के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क को लागू करने की सिफारिश करते हैं:

<u>शुल्क तालिका</u>

क्र.सं.	**शीर्ष/उप-शीर्ष***	**वस्तुओं का विवरण**	**मूल का देश**	**निर्यात का देश**	**उत्पादक**	**राशि**	**माप की इकाई**	**मुद्रा**
1	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**	**7**	**8**	**9**
1.	*38089190, 38089390 and 38089990*	ग्लुफोसिनेट और इसके सॉल्ट	चीन जन.गण.	चीन जन.गण. सहित कोई देश	कोई उत्पादक	2998	एमटी	यूएस डा.
2.	-वही-	-वही-	चीन जन.गण. के अतिरिक्त कोई देश	चीन जन.गण.	कोई उत्पादक	2998	एमटी	यूएस डा.

**सीमा शुल्क वर्गीकरण केवल सांकेतिक है और विचाराधीन उत्पाद के दायरे पर किसी तरह से बाध्यकारी नहीं है।*

133. इस प्रयोजन के लिए आयातों का पहुंच मूल्य निर्धारणीय मूल्य होगा जैसा कि सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1962 और सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 की धारा 3, 3क, 8ख, 9, 9क के तहत लागू किए गए शुल्कों के अलावा, प्रयोज्य सीमा शुल्क के तहत सीमा शुल्क विभाग द्वारा निर्धारित किया गया है।

ण. आगे की प्रक्रिया

134. इन अंतिम निष्कर्षों से उत्पन्न निर्दिष्ट प्राधिकारी के निर्धारण के विरुद्ध अपील अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के अनुसार सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष की जाएगी।

दर्पण जैन

(दर्पण जैन)
निर्दिष्ट प्राधिकारी